* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 118


**मोदी-मैक्रों की वर्चुअल मीटिंग**
एयरबस से 250 एयरक्राफ्ट खरीदेगी एअर इंडिया












## लातेहार में खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# षड्यंत्र कर सत्ता से बेदखल का किया जा रहा है प्रयास : हेमंत

राहुल पांडेय

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा मंगलवार को लातेहार पहुंची। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान एक ओर जहां विपक्ष पर निशाना साधा, वहीं सरकार के कामकाज से लोगों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोगों के आशीर्वाद से 2019 में पहली बार यहां का राज्य और यहां की सरकार मूलवासियों के हाथों में आया। यह इन लोगों (विपक्ष) को बर्दास्त नहीं हुआ। ये लोग सरकार गिराने का सपना देखने लगे। यहां के नेता लोग बोलता है कि सरकार गिरा दो। अजीब हालत है। सरकार गिराने के लिए आये दिन षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। कभी कोर्ट-कचहरी के माध्यम से उलझाने का काम किया, तो कभी असंवैधानिक तरीके से उलझाने का। सरकार गिराना इतना आसान नहीं है। क्योंकि हमने लोगों के वोट से सरकार बनायी है। जनता ने चुना है। सरकार को गिराया नहीं जा सकता है। खरीदा नहीं जा सकता है। इसलिए षड्यंत्र के तहत फंसा कर सत्ता से बेदखल करने का प्रयास चल रहा।

**डबल इंडन की सरकार रहने के बाद भी विकास नहीं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा निकालने का मतलब है। झारखंड वीरों की धरती है। जहां भगवान बिरसा मुंडा, सिधू कान्हू, नीलाम्बर पीताम्बर, चांद भैरो, तिरंगा खड़िया जैसे अनेक वीर सपूतों ने इस धरती में जन्म लिया है। उन्होंने कहा कि उस समय से हमारे पूर्वजों ने जल, जंगल और




### विकास की लकीर खींची जायेगी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहली बार लातेहार जिले के सीमावर्ती बूढ़ा पहाड़ पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ खाना खाकर आया। उन्होंने कहा कि छह माह के अंदर बूढ़ा पहाड़ को विकास की लकीर खींची जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया व रोजगार भी देंगे। भारत सरकार से हमलोग पेंशन को लेकर पैसे की मांग की थी, लेकिन पैसे नहीं मिले। इसके बावजूद राज्य सरकार ने पहली बार 60 वर्षों से पेंशन देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारी ने पुरानी पेंशन लागू कर सुरक्षित किया गया। अधिकारी-कर्मचारी गांव-गांव पहुंच रहे। लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

जमीन की लड़ाई लड़कर झारखंड को अलग राज्य बनाया है। इस राज्य को लोग चारागाह बनाकर रखे हुए थे। चालीस वर्ष के उम्र से राजनीतिक कर रहे शिबू सोरेन के संघर्ष व अनेकों आंदोलनकारी के शहादत के बाद झारखंड अलग राज्य मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य के बीस साल हो गये, लेकिन आज भी गांव में पीने का पानी, सड़क व लाइन तक नहीं है।

**आदिवासी सीएम को पांच साल नहीं रहने दिया :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद सबसे पहला मुख्यमंत्री आदिवासी बना, लेकिन पांच सालों नहीं बैठने दिया। उसे उतार दिया। दूसरे आदिवासी अर्जुन मुंडा बने, वे भी पांच साल तक कुर्सी नहीं बैठे। इन्हें भी उतार दिया। झारखंड में पांच साल तक की सरकार छत्तीसगढ़ के लोग चलाये। ऐसे बाहरी लोगों को यहां से भगायेंगे। उन्होंने कहा कि बीस साल डबल इंजन की सरकार रहने के बावजूद भी आज विकास योजनाओं से वंचित हैं। जो लोग गुजरात को चलता है। जो लोग महाराष्ट्र को चलता है। जो लोग देश को चलाता है। वही झारखंड को चलाया। इसके बाद भी झारखंड पिछड़ा रह गया है। उन्होंने कहा झारखंड में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को डबल इंजन की सरकार ने गिराने की साजिश की, लेकिन नाकाम रही। आज तीन साल हो गये और मजबूती के साथ हमारी सरकार चल रही है।

**हर वर्ग का रखा जा रहा खयाल:** हेमंत सोरेन ने कहा कि संविधान में आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक की रक्षा करता है। आज गरीब, किसानों को पढ़ाई छोड़ने की जरूरत नहीं है। कोई भी गरीब बच्चा किसी भी तैयारी करता है उसके खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। पढ़ाई के लिए विदेश भी अपने बच्चों को भेज सकते हैं। उसे पूरा-पूरा पैसा राज्य सरकार देगी। किसानों के लिए पशुधन योजना बनाकर 90 प्रतिशत अनुदान पर बत्तख बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह योजना इसलिए बनाया कि इस राज्य में बीस वर्षों में कुपोषण का शिकार हो गया है। जिस घर में गाय, मुर्गी,अंडा होगा उस घर का बच्चा कभी कुपोषण का शिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और विधवाओं के लिए पेंशन योजना शुरू की गयी।

**कार्यक्रम में शामिल हुए :** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार ने गांव गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलवाकर 70 वर्षों के वृद्ध व विधवा महिला को जोड़कर लाभ देने का काम किया है। मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि जबसे झारखंड बना है, ऐसा विकास पुरुष मुख्यमंत्री नहीं बना था। लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी गरीबों को लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया है।

मंच का संचालन झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, आफताब आलम, हरिशंकर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# अजय कुमार सिंह बने झारखंड के नये डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के 1989 बैच के आइपीएस अजय कुमार सिंह झारखंड के नये डीजीपी नियुक्त किये गये हैं। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार के द्वारा मंगलवार की रात जारी कर दी गयी है। बताते चलें कि झारखंड कैडर के 1987 बैच के आइपीएस नीरज सिन्हा शनिवार को रिटायर हो गये। इसके बाद झारखंड पुलिस नेतृत्व विहीन हो गया था। मंगलवार को अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी नियुक्त कर दिया गया। इससे पहले डीजीपी पद को लेकर सस्पेंस बरकरार था। तीन नामों की चर्चा थी, जिसमें सीबीआइ में प्रतिनियुक्त अजय भटनागर, पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह और रेल एडीजी अनिल पालटा का नाम शामिल था।

**पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी के पद पर पदस्थापित थे :** अजय कुमार सिंह वर्तमान में झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी के पद पर पदस्थापित थे। इसके अलावा इनके पास एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार था। अब वह नये डीजीपी बनाये गये हैं। उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाना जाता है। उनके सामने राज्य में विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने, नक्सल को समाप्त करने समेत कई चुनौतियां होंगी।



### चयन के लिए यूपीएससी ने तीन आइपीएस का नाम भेजा था

डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी ने सीबीआइ में प्रतिनियुक्त अजय भटनागर, पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह और रेल एडीजी अनिल पालटा का नाम भेजा था। वरीयता के आधार पर भेजे गये इन तीनों नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाना था। इसके बाद सरकार ने अजय कुमार सिंह के नाम पर अपनी मुहर लगायी।

### झारखंड में कई जिलों के एसपी रह चुके हैं अजय सिंह

सीनियर आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह झारखंड में कई जिलों में एसपी रहे हैं। उन्होंने धनबाद गोड्डा और कोडरमा में बतौर एसपी बेहतर काम किये थे। सरकार ने उन्हें प्रोन्नति देते हुए हजारीबाग का डीआइजी बनाया था। एडीजीपी के पद पर वे सीआइडी में पदस्थापित रहे थे। डीजीपी प्रोन्नति के बाद वे एंटी करप्शन ब्यूरो में पदस्थापित थे।

## बिजली बोर्ड के सुपरीटेंडेंट इंजीनियर को इडी का समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची बिजली बोर्ड के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर नाथन रजक को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने समन जारी किया है। उन्हें पूछताछ के लिए 21 फरवरी को बुलाया गया है। वही जेल में बंद झामुमो नेता पंकज मिश्रा के अंगरक्षक सूरज पंडित और चालक चंदन पंडित को पूछताछ के लिए 22 और 23 फरवरी को समन भेजा गया है। यह पूछताछ अवैध उत्खनन के अलावा जेल में बंद रहने के दौरान मोबाइल फोन से बात करने से संबंधित है। बिजली बोर्ड के अधिकारी पंकज मिश्रा से फोन पर बात की थी और रिम्स जाकर मुलाकात भी किया था। मिश्रा ने चालक और अंगरक्षक के फोन का उपयोग अधिकारियों से बातचीत करने में किया था।

## अर्जुन मुंडा के निजी सचिव के पुत्र ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निजी सचिव शिव कुमार के पुत्र रोहित कुमार (26) ने सोमवार की रात टेल्को सेक्टर मार्केट स्थित अपने क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब मंगलवार सुबह रोहित के कमरे का दरवाजा बंद पाया। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि रोहित कमरे में मृत है। उसने खुदकुशी कर ली है। बताया जाता है कि रोहित कुमार दो भाइयों में बड़ा था। रोहित के पिता शिव कुमार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निजी सचिव हैं। वे सोमवार की रात काम कर घर लौटे थे। सभी खाना खाकर सोने चले गये थे। सुबह घटना की जानकारी हुई। जानकारी मिलते ही पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष सतीश सिंह भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्यपाल ने झारखंड नगरपालिका विधेयक को दी मंजूरी

# मेयर और अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं होगा रोस्टर के आधार पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने झारखंड नगरपालिका (संशोधन) विधेयक-2022 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। दिसंबर 2022 में झारखंड विधानसभा से इस संशोधित विधेयक को पारित करा कर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इस विधेयक को स्वीकृति मिलने से अब नगर निगम में मेयर/अध्यक्ष के चुनाव में जनसंख्या के आधार पर आरक्षित वर्ग के लिए आरक्षण तय किया जायेगा। यानी मेयर व अध्यक्ष पद का चुनाव रोस्टर के आधार पर नहीं होगा। अब एसटी/एससी/ओबीसी में रोटेशन शब्द हटा दिया गया है। यानि जो सीट पहले एससी के लिए आरक्षित थे, वे एसटी या अन्य रिजर्व कैटेगरी के लिए किये जा सकेंगे। बताया जाता है कि इस बार के चुनाव में रांची नगर निगम के मेयर पद के लिए एसटी से हटाकर एससी के लिए कर दिया गया था। इसका कई संगठनों ने विरोध भी किया, तो सरकार नियम में संशोधन के लिए झारखंड विधानसभा में विधेयक लायी। हालांकि, इस विधेयक का भाजपा सहित अन्य दलों ने विरोध भी किया था। यह मामला टीएसी में भी गया था।

### राज्यपाल ने बीएड रेगुलेशन को दी स्वीकृति

राज्यपाल ने बीएड रेगुलेशन की भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत बीएड और एमएड के साथ-साथ अब बीपीएड व एमपीएड को भी शामिल कर लिया गया है। राज्य में एनसीटीइ के तहत निजी, सरकारी व अंगीभूत कॉलेजों में अब बीएड/बीपीएड/एमएड/एमपीएड कोर्स की स्वीकृति के साथ शिक्षण शुल्क एवं नामांकन प्रक्रिया को स्वीकृति दे दी गयी है।

**नैक ग्रेडिंग से पीएचडी अंक की बाध्यता समाप्त :** राज्यपाल रमेश बैस ने यूजीसी रेगुलेशन-2018 (संशोधन) नियमावली को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत अब विवि में शिक्षकों, पदाधिकारियों व प्राचार्य की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इस नियमावली के स्वीकृति होने से शिक्षकों, पदाधिकारियों व प्राचार्य की नियुक्ति व प्रोन्नति की न्यूनतम अर्हता तय हो गयी है। असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में नैक ग्रेडिंग के आधार पर पीएचडी प्वाइंट की अनिवार्यता समाप्त हो गयी है। ऐसे में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। पूर्व में एक से सौ एनआइआरएफ रैंकिंग वाले या ए/ए प्लस/ए प्लस प्लस संस्थान से पीएचडी करने पर 30 प्वाइंट निर्धारित थे। इससे झारखंड के विद्यार्थी पिछड़ जा रहे थे। असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए अब झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा एक जुलाई 2023 तक जो नेट पास रहेंगे, वे असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए योग्य होंगे, लेकिन दो जुलाई 2023 से जो भी नेट पास होंगे, उन्हें पीएचडी करना अनिवार्य होगा। तभी वे असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के योग्य होंगे। इसी प्रकार छह अगस्त 2021 से जो प्राचार्य बने हैं। वे पांच वर्ष के बाद सीधे प्रोफेसर बन जायेंगे। लेकिन जो प्राचार्य पुनः प्राचार्य के पद पर ही रहना चाहते हैं, तो उन्हें अगले पांच वर्ष के लिए जेपीएससी से स्वीकृति लेनी होगी। प्राचार्य के लिए अभ्यर्थी को कम से कम एसोसिएट प्रोफेसर होना होगा।

# बीबीसी के दिल्ली-मुंबई ऑफिस पर आयकर का सर्वे

**कांग्रेस ने इस कार्रवाई को अघोषित आपातकाल बताया**


**भाजपा बोली, इंदिरा ने भी बैन किया था भूल गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/मुंबई।** बीबीसी के दिल्ली और मुंबई ऑफिस पर मंगलवार को करीब 12 बजे आयकर विभाग (आइटी) की टीम ने सर्वे किया। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार बीबीसी पर इंटरनेशनल टैक्स में गड़बड़ी का आरोप है। बीबीसी ने ट्वीट कर बताया कि आयकर विभाग की टीमें दिल्ली और मुंबई ऑफिस में मौजूद हैं। हम उन्हें पूरा सहयोग कर रहे हैं। सर्वे का काम अभी भी जारी है।

इधर, कांग्रेस पार्टी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर इस कार्रवाई को अघोषित आपातकाल बताया। कांग्रेस के बयान पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इंदिरा गांधी का 52 साल पुराना वाकया याद दिलाया। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस शायद भूल रही है कि 1970 में इंदिरा गांधी ने एक डॉक्यूमेंट्री को लेकर बीबीसी पर बैन लगा दिया था।

**मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त किये :** दिल्ली के केजी मार्ग एरिया में एचटी टावर की पांचवीं और छठी मंजिल पर बीबीसी का ऑफिस है। यहां आइटी के 24 सदस्यों की टीम ने रेड की है। इधर, मुंबई के सांताक्रूज इलाके में बीबीसी स्टूडियोज पर भी इनकम टैक्स विभाग की टीम पहुंची है। टीम ने फाइनेंस डिपार्टमेंट के लोगों के मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त किये हैं। अफसरों के मुताबिक, इनका बैकअप लेकर इन्हें वापस कर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि एक्शन के दौरान स्टाफ के फोन बंद करा दिये गये। सभी को मीटिंग रूम में बैठने को कहा गया। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने सिर्फ कंपनी के व्यावसायिक परिसर पर सर्वे किया है। प्रमोटर और डायरेक्टर के घर और अन्य जगहों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। उधर बीबीसी के दफ्तरों में इनकम टैक्स के सर्वे को लेकर एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने चिंता जाहिर की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |

# राज्यपालों की नियुक्ति में सब कुछ साध लिया मोदी सरकार ने

## ▪ पार्टी के भीतर के संतुलन को भी दोबारा कायम कर लिया

## ▪ क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का भी रखा समुचित ध्यान

**आजाद सिपाही विशेष**

दो दिन पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए छह राज्यों में नये राज्यपाल नियुक्त किये, जबकि सात अन्य की भी बदली कर दी। केंद्र सरकार की ओर से यह कदम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उप राज्यपाल के रूप में राधाकृष्णन माथुर के इस्तीफे को स्वीकार करने के बाद उठाया गया। हालांकि माना यही जा रहा है कि केंद्र की ओर से ये नियुक्तियां और अदला-बदली राजनीतिक गणनाओं के आधार पर की गयी हैं, लेकिन इनमें से राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया को असम के राज्यपाल का पद दिये जाने की खूब चर्चा हो रही है। इसके अलावा यूपी के पूर्वांचल से सात राज्यपालों की नियुक्ति के पीछे की राजनीति पर भी खासी चर्चा हो रही है। ये चर्चाएं एक हद तक सही भी हैं। मोदी सरकार ने इन नियुक्तियों के जरिये जहां चुनावी राज्यों में माहौल को बदला है, वहीं जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को भी ध्यान में रखा है। इतना ही नहीं, पार्टी के भीतर पनप रहे असंतोष को भी इस कवायद से खत्म करने की कोशिश की गयी है। केंद्र की ओर से की गयी इन नियुक्तियों से दो चीजें स्पष्ट होती नजर आ रही हैं। एक तो यह कि इस तरह 75 वर्ष से ऊपर की उम्र वाले भाजपा और आरएसएस के नेताओं के लिए उपयुक्त जगह बनायी गयी है, और दूसरा पार्टी को उन राज्यों में पुनर्गठित करने का प्रयास किया गया है, जहां वह आंतरिक गुटबाजी का सामना कर रही है। राज्यपालों की नियुक्ति की इस कवायद के पीछे की राजनीतिक वजहों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्र सरकार ने 12 फरवरी को छह नये राज्यपाल नियुक्त किये और सात राज्यों में राज्यपाल पदों में फेरबदल किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उप राज्यपाल के रूप में राधाकृष्णन माथुर के इस्तीफे को स्वीकार करने के बाद यह फेरबदल किया गया। माथुर की जगह अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा नियुक्त किये गये हैं। सरकार ने जिन 13 राज्यों में यह बदलाव किया, उनमें से कई में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए मोदी सरकार की इस कवायद की चर्चा भी खूब हो रही है।

### तमिलनाडु में दो नेताओं के मतभेद को भी किया दूर

बात शुरू करते हैं झारखंड से। पूर्व लोकसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन को झारखंड भेजा गया है। उनके तमिलनाडु इकाई से बाहर होने से प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की स्थिति मजबूत हो सकती है। राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष के साथ मतभेद थे और उनकी कार्यशैली को लेकर शिकायत थी। अन्नामलाई के काम करने और राज्य इकाई का नेतृत्व करने के तरीके से भाजपा नेतृत्व काफी खुश है। कर्नाटक चुनाव के लिए अन्नामलाई को सह-प्रभारी नियुक्त करने का नेतृत्व का कदम इसका एक संकेत है। राज्यपाल नियुक्त होने के बाद से एक वफादार और प्रतिबद्ध पार्टी कार्यकर्ता राधाकृष्णन अब शांत हो गये हैं। राधाकृष्णन ने दो बार, 1998 और 1999 में कोयंबटूर लोकसभा सीट जीती और राज्य में पार्टी संगठन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। वह राज्य इकाई के अध्यक्ष भी थे और भाजपा के लिए केरल के प्रभारी थे। ऐसी खबरें हैं कि भाजपा नेतृत्व अन्नामलाई को कोयंबटूर से उम्मीदवार बना सकता है।

**चुनावी राज्यों के लिए अलग पैमाना तय किया**

### सिरदर्द साबित हो रहे थे कोश्यारी

भगत सिंह कोश्यारी, जिनके महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल के दौरान कई बयानों पर विवाद हुआ, की जगह झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, जहां पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना के साथ गठबंधन में 41 सीटें जीती थीं और वह राज्य में शांत व्यक्ति चाहती थी, जो चुनाव के समय विवाद पैदा न करे। भाजपा अपने शासन वाले राज्य में एक आक्रामक व्यक्ति नहीं चाहती है। जनवरी में भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपने पद से हटने की इच्छा व्यक्त की थी।



### गुलाब चंद कटारिया की नियुक्ति क्यों महत्वपूर्ण

वरिष्ठ भाजपा नेता और राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कटारिया की नियुक्ति इस साल के अंत में राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की गयी है। कटारिया को असम के राज्यपाल के रूप में चुनना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कदम है। एक, उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मुकाबला करने के लिए विपक्ष के नेता के रूप में एक आक्रामक चेहरे से बदल दिया जायेगा और दूसरा, पार्टी राज्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कटारिया पूर्व सीएम और पार्टी की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे के विरोधियों में से एक थे, हालांकि उन्होंने 2004 और 2014-2018 की दोनों राजे सरकारों में गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। राजस्थान इकाई में गुटीय विवाद को हल करने और चुनाव में एकजुट चेहरा सामने रखने के लिए संघर्ष कर रहे राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ कटारिया के राज्यपाल पद पर पदोन्नति से उस पर दबाव कुछ कम हो सकता है। यह कदम राज्य इकाई में शक्ति समीकरणों को भी बदल सकता है।

### आदिवासी नेता की नियुक्ति की गयी

उत्तर प्रदेश के दो नेताओं, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, जो राज्य में विधान परिषद के सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला को भी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्यपाल चुना गया है। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का नया राज्यपाल और शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आचार्य खरवार जनजाति से ताल्लुक रखते हैं और 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार वाराणसी लोकसभा चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने काशी प्रांत के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। उनकी नियुक्ति पूर्वोत्तर राज्य असम को प्रोत्साहन देगी, जहां आदिवासी बहुमत में हैं। इससे भाजपा को त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में होने वाले चुनावों में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

### शिव प्रताप शुक्ला के जरिये ब्राह्मणों का साधा

ब्राह्मण नेता शिव प्रताप शुक्ला को 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल के लिए चुना गया था। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति दोनों राज्यों के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा हाल ही में हिमाचल विधानसभा चुनाव में हार गयी और यूपी लोकसभा चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। पार्टी ने 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान शुक्ला को ब्राह्मणों का प्रभार दिया था। अमित शाह ने उन्हें ब्राह्मणों की देखभाल के लिए समिति का अध्यक्ष बनाया था, जब समुदाय के भाजपा से नाराज होने की खबरें सामने आयी थीं। ब्राह्मणों तक पहुंचने के लिए सीएम योगी के विरोधी व्यक्ति को चुनना महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुक्ला को मठ विरोधी व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। योगी के नेतृत्व में गोरखपुर की राजनीति में उन्हें लगातार दरकिनार किया जाता रहा। यह दिलचस्प है कि भाजपा ने शुक्ला को राज्यपाल नियुक्त करके ब्राह्मण लॉबी को संतुलित किया है।

### अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को भी चुना

वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु के पूर्व सांसद सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है, जहां भाजपा पैर जमाने की कोशिश कर रही है। अब्दुल नजीर कर्नाटक से ताल्लुक रखते हैं और अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य होने के नाते केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास के नैरेटिव में फिट बैठते हैं।

### अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल सेना के पूर्व अधिकारी

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह 2011 में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और संवेदनशील उत्तरी कमान में जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के रूप में तैनात थे। खुद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से कैडेट रहे। उनकी तीन पीढ़ियों ने सेना में सेवा की है। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान और जम्मू-कश्मीर की इनफैंट्री ब्रिगेड में सेवा की है। उनके पास पूर्वोत्तर में वर्षों का अनुभव है, जो उनकी वर्तमान नियुक्ति को बयां करता है।

# राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सपरिवार की पूजा-अर्चना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** राज्यपाल रमेश बैस ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में मंगलवार को सपरिवार पूजा-अर्चना की और बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा संपन्न करायी। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से समस्त देशवासियों के लिए सुख और शांति की कामना की।



मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की महिमा अपरंपार है। वो सर्वशक्तिमान हैं। जब मैं झारखंड के राज्यपाल के पद पर आया था उस वक्त भी भोले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया था, अब महाराष्ट्र जा रहा हूं तो यहां बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने आया हूं। राज्यपाल ने कहा कि बाबा से मैंने विनती की है कि जिस तरह मैंने झारखंड की जनता की सेवा की है, वैसा ही महाराष्ट्र में भी कर सकूं। देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा से मेरी विनती है कि वो सभी को सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें, सभी लोगों पर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे। देवघर में पूजा अर्चना करने के बाद राज्यपाल सपरिवार बासुकीनाथ धाम भी जायेंगे। दुमका में भी उनके कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद है और मंदिर प्रबंधन पूरी तरह से तैयार है। यहां भी राज्यपाल परिवार संग बाबा की पूजा अर्चना करने के बाद उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

इस मौके पर उनके साथ संथाल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसपी सुभाष चंद्र जाट सहित जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रजिस्ट्रार राहुल चौबे और सुजीत कुमार के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जिला अवर निबंधक स्तर के दो अधिकारियों (रजिस्ट्रार) राहुल चौबे और सुजीत कुमार को झारखंड हाइकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। हाइकोर्ट ने पुलिस को निबंधन सेवा के अधिकारी राहुल चौबे और सुजीत कुमार के खिलाफ दर्ज केस में अगली सुनवाई तक किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और उनके जूनियर पार्थ जालान ने पक्ष रखा। मंगलवार को प्रार्थियों के अधिवक्ता ने सरकार के द्वारा दाखिल किये गये एफिडेविट पर अपना काउंटर एफिडेविट दायर करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।

बता दें कि धनबाद जिले के गोविंदपुर में पदस्थापन के दौरान दोनों ही अधिकारियों पर एक भूमि की रजिस्ट्री को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी। जिसके बाद प्राथमिकी को रद्द करने के लिए रजिस्ट्रार राहुल चौबे और सुजीत कुमार ने हाइकोर्ट में क्वैशिंग याचिका दाखिल की है। जिसपर सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ नोकोअरसिव एक्शन का आदेश दिया है।

# झारखंड में राजद ने गठित की प्रदेश कार्यसमिति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव बने कार्यसमिति सदस्य**

**रांची।** झारखंड में राजद ने प्रदेश कार्यसमिति का गठन कर लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। बताया कि कार्यसमिति में अभी पार्टी के समर्पित और कर्मठ 125 नेताओं, कार्यकर्ताओं को जगह मिली है। इसमें हर प्रमंडल, जिले, वर्ग की भागीदारी का ध्यान रखा गया है। कार्यसमिति सदस्य में 32 नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें उनके अलावा राज्य सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के अलावा पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, राधा कृष्ण किशोर, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान समेत अन्य शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय प्रसाद यादव, सुभाष यादव, पार्टी प्रवक्ता मनोज कुमार, अनीता यादव समेत अन्य भी उपस्थित थे।

संजय कुमार सिंह यादव के मुताबिक प्रदेश उपाध्यक्ष की लिस्ट में 8 लोगों को जगह दी गयी है। 33 प्रदेश महासचिव बनाये गये हैं। प्रदेश सचिव में 43, विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर 3 नेताओं को जगह मिली है। 25 अलग-अलग प्रकोष्ठों में 14 प्रकोष्ठ अध्यक्ष तय कर लिये गये हैं। 4 पार्टी प्रवक्ता हैं। सोशल मीडिया प्रभारी अभी तय नहीं किये गये हैं। अभी केवल अनुमंडल अध्यक्षों की सूची में देवघर में मुकेश यादव को शामिल किया गया है। संजय यादव के मुताबिक अगले चरण में और भी नेताओं को पार्टी में जगह मिलेगी।

### खतियान पर सरकार के साथ

इस सवाल पर कि क्या पार्टी 1932 के खतियान पर सरकार के साथ है, संजय यादव ने कहा कि कैबिनेट में सहयोगी होने के नाते पार्टी भी इस पर सरकार के साथ है। पार्टी प्रमुख लालू यादव भी चाहते थे कि राज्य बनने के बाद झारखंड में जनजाति समाज के व्यक्ति को सरकार चलाने का मौका मिले। वे यहां के मूलवासी, आदिवासियों के लिए चिंतित रहते रहे हैं।

## रेलवे ने महाशिवरात्रि पर दिया तोहफा

# किफायती दर पर करें 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि का महापर्व 18 फरवरी को है। हिंदुओं के लिए ये दिन काफी खास होता है। ऐसे में शिवरात्रि के खास मौके पर शिव भक्तों को भारतीय रेलवे ने एक खास तोहफा दिया है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) शिव भक्तों को बेहद कम पैसों में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर प्रदान कर रहा है। इस स्पेशल टूर पैकेज को महाशिवरात्रि के मौके पर लांच किया गया है और इसका नाम 'महाशिवरात्रि नव ज्योतिर्लिंग यात्रा' रखा गया है। इस पैकेज के जरिए भक्तों को देश के अलग-अलग हिस्सों में बेहद किफायती दाम में ट्रैवल करने को मिलेगा।

### इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का मिलेगा मौका

इस पैकेज के जरिए ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, ग्रिश्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, औंढा नागनाथ ज्योतिर्लिंग, परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन स्वामी ज्योतिर्लिंग जैसी जगहों पर जाकर भगवान शिव के दर्शन कर सकते हैं। इन सभी जगहों पर भारत दर्शन ट्रेन के जरिए घूमने का मौका मिलेगा। ट्रेन में बुकिंग के लिए आइआरसीटीसी के आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा आप सभी पर्यटक सुविधा केंद्र, रीजनल ऑफिस और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी बुकिंग कराया जा सकता है। इस संबंध में आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों के लिए यह योजना लायी गयी है।




### टूर डिटेल्स

- इस टूर की शुरुआत मदुरई से होगी।
- इस पैकेज का बोर्डिंग प्वाइंट है तिरुनेलवेली, मदुरै, डिंडीगुल, इरोड, सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, पेरम्बूर, नेल्लोर।
- पैकेज का शुल्क-15,350 रुपये
- यात्रा की डेट- इस पैकेज के जरिए आप आठ मार्च से 20 मार्च 2023 तक इन सभी जगहों की यात्रा करेंगे।

### ये सुविधाएं

- पैकेज में यात्रियों को ट्रेन में स्लीपर कोच से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।
- इस पैकेज में यात्रियों को हर जगह ठहरने के लिए उचित व्यवस्था मिलेगी।
- सभी यात्रियों को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के साथ एक 1 लीटर पानी का बोतल भी मिलेगा।
- सभी यात्रियों को टूर एस्कॉर्ट एंड सिक्योरिटी की सुविधा भी मिलेगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार-चतरा में विकास कार्यों और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की

# 7 साल से पुल का निर्माण कार्य अधूरा, गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का दिया निर्देश

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा- अगर योजनाओं की प्रगति सिर्फ कागजों पर दिखे तो बजट का बड़ा हिस्सा आपकी सैलेरी पर खर्च करने का कोई मतलब नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** वर्ष 2023 योजनाओं के क्रियान्वयन का वर्ष है। हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देना है। इस कड़ी में योजनाओं के प्रगति की लगातार निगरानी हो रही है। योजनाएं वास्तविक रूप से धरातल पर उतरें। योजनाएं सही समय पर पूरी हों। आम लोगों को तमाम योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इसमें अधिकारियों- कर्मचारियों की अहम भूमिका है। आप अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ निभाएं, वरना आपके खिलाफ सरकार कार्रवाई करने को बाध्य होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को लातेहार के न्यू पुलिस लाइन में लातेहार और चतरा जिले संचालित विकास कार्यों और विधि व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में न्यू पुलिस लाइन जाने के रास्ते में नदी पर 2016 से बन रहे पुल का निर्माण कार्य अब तक अधूरा रहने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने इस पुल का निर्माण करा रहे गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का कार्य कर रही श्रीराम इपीसी कंपनी को भी कार्य की धीमी गति को लेकर शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने चतरा उपायुक्त को इस योजना का रिव्यू कर रिपोर्ट देने को भी कहा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए वरना संबंधित पदाधिकारियों और संवेदक पर कार्रवाई होगी



### योजनाओं की धीमी गति रहे तो आपको बैठाकर वेतन देना मुनासिब नहीं : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास सरकारी कर्मियों की एक बड़ी फौज फौज है। इनके वेतन पर सरकार बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। इसके बाद भी अगर योजनाओं की गति धीमी हो। योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिले तो आप को बैठाकर वेतन देना कहीं से मुनासिब नहीं होगा। इसलिए आप अपनी जिम्मेदारियों को समझें और इंप्लीमेंटिंग अथॉरिटी होने के नाते गांव-गांव घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाएं और राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

### अधिकारियों को दिये निर्देश

- जल जीवन मिशन के तहत चतरा जिले के 30 और लातेहार जिले के 54 गांव को नल से पानी की सुविधा से आच्छादित करने का कार्य 31 मार्च तक पूरा हो जाना चाहिए। इसकी वीडियोग्राफी कराकर वेबसाइट पर भी अपलोडिंग हो जानी चाहिए।
- चतरा जिले के उपायुक्त को डीएमएफटी फंड से संचालित होने वाली योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 1 सप्ताह के अंदर गवर्निंग बॉडी की बैठक बुलाने का उपायुक्त को मिला निर्देश ।
- कृषि ऋण माफी योजना को लेकर चतरा जिले के उपायुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी और बैंकों के एलडीएम को डाटा अपलोड करने का निर्देश।

### योजनाओं के आंकड़ों में हेराफेरी बर्दाश्त नहीं आंकड़ों के साथ फोटो भी देखेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा उपलब्धियों को दिखाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी की जाती है। लेकिन, आज सूचना तंत्र काफी मजबूत हो चुका है। अब समीक्षा बैठकों में आंकड़ों के साथ उससे संबंधित फोटो भी देखूंगा, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि हमारे पास हजारों की संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देते हैं। अगर आवेदनों पर कड़ाई से कार्रवाई हो तो कई अधिकारी- कर्मचारी नप जायेंगे। इसलिए, आप आंकड़ों का खेल नहीं खेलें। योजनाओं को जमीन पर उतारें ।

### अगर लोगों की न्यूनतम जरूरतें भी पूरी नहीं कर पायें तो चिंता की बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जो ज्योग्राफिकल स्थिति है। यहां के लोगों का जो स्वभाव है, उसके लिहाज से यहां के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता और क्रियाशील रहकर कार्य करने की जरूरत है। अलग झारखंड राज्य बनने के दो दशक गुजर जाने के बाद भी अगर हम किसी गांव-पंचायत या इलाके में लोगों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं कर सके तो यह सरकार के साथ पूरे राज्य के लिए चिंता की बात है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कागज में आपने जो लिखा है, वह हकीकत में दिखना चाहिए।

### यह नहीं सुनना चाहेंगे कि कन्फ्यूजन के चलते योजनाएं लंबित हैं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी योजना को लेकर कोई भी कंफ्यूजन है तो उसे जिला या मुख्यालय स्तर के वरीय अधिकारियों को तुरंत जानकारी दें, ताकि उसका समाधान निकले। मैं आगे यह सुना नहीं चाहूंगा कि कन्फ्यूजन के कारण योजनाएं लंबित हैं और लोग उसके लाभ से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के उपायुक्त को कहा कि कि वे योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें।

### योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसे कई विभाग आपस में समन्वय बनाकर संचालित कर सकते हैं । इसके लिए विभाग आपस में को-आर्डिनेशन करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी नहीं रहने दें।

समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक बैद्यनाथ राम और रामचंद्र सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबु बकर सिद्दीकी, सचिव मनीष रंजन, सचिव कृपानंद झा, एडीजी संजय आनंद लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक एवी होमकर, लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव , पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और चतरा के उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन और दोनों जिलों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

झारखंड का राज्यपाल बनाये जाने के बाद बोले सीपी राधाकृष्णन

# आदिवासी, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव काम करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि उन्हें झारखंड राज्य में काम करने का मौका मिला है, जहां वे आदिवासी, दलितों और गरीबों के उत्थान और प्रगति के लिए हर संभव काम करेंगे। कोयंबटूर हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे केंद्र व राज्य सरकार के बीच सेतु का काम करेंगे।

राधाकृष्णन ने कहा कि वे झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्ति को अपने सम्मान के तौर पर नहीं देखते हैं। वे इसे तमिल लोगों के लिए गर्व की तरह देखते हैं। वे इसे अपने राजनीतिक जीवन के अगले विकास के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, हम लगातार राजनीति में काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी राजनीतिक यात्रा उस दिशा में नहीं है, जिस दिशा में हम सोचते हैं। हम कभी नहीं जानते कि किसे क्या जिम्मेदारी मिलेगी और कब मिलेगी। इसलिए राज्यपाल के रूप में अथवा किसी भी रूप में हमें जो उत्तरदायित्व मिलता है, उसके माध्यम से हमें समाज के लिए ठीक प्रकार से कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तमिल, तमिलनाडु, तमिल संस्कृति, साहित्य और संस्कृति से बहुत लगाव है। इसकी अभिव्यक्ति यह है कि तमिलनाडु के तीन लोगों को विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के रूप में सेवा करने का दुर्लभ अवसर मिला है।

# सुषमा स्वराज एक सच्ची देशभक्त थीं: कर्मवीर सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रदेश कार्यालय में सुषमा स्वराज की जयंती मनी**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को सुषमा स्वराज की 71वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज एक सच्ची देशभक्त थीं। उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करते हुए देश के कई महत्वपूर्ण पदों पर योगदान दिया। कई विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत से काम करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय बिना किसी भय और दबाव के निर्भीक होकर किया, जो समाज के लिए मील का पत्थर साबित हुए। विदेश मंत्री रहते हुए स्वराज ने कई काम ऐसे किये जो आज तक लोग नहीं कर सके। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, नीलू झा, बबिता वर्मा, फूदो देवी, प्रेम मित्तल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — परिवार में शुभ मांगलिक कार्य के प्रयास में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — समाज में मान-सम्मान रहेगा,नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी।
- **मिथुन** — आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **सिंह** — क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी,अपने वाणी पर नियंत्रण रखें।
- **कन्या** — नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ।
- **तुला** — परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य संपन्न होगा, नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी।
- **धनु** — परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से संबद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, व्यावहारिक कुशलता एवं चतुराई से समस्याओं का समाधान निकलेगा।
- **मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# बाजार शुल्क वापस ले राज्य सरकार: संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा-पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि राज्य सरकार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए बाजार शुल्क वापस ले। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार की ओर से दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इस कानून को वापस लेने की मांग की है। सेठ मंगलवार को सांसद कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था। इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढ़ा लेकिन वर्तमान सरकार फिर से दो प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इससे किसानों खाद्यान्न कारोबारी के साथ-साथ ट्रेडर्स और आम जनों को महंगाई की मार सहनी होगी। सांसद ने बजट सत्र के दौरान सदन में उठाये गये महत्वपूर्ण विषयों के बारे में भी जानकारी दी। सांसद ने कहा कि पहाड़ी मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्थान घोषित करने, निफ्ट के स्वायत्तता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएसआर फंड और गो-तस्करी रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने का मामला उठाया। प्रेस कांफ्रेंस में महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, विनय जयसवाल, बलराम सिंह और धीरज महतो शामिल थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# रात दस बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर शुरू हुई कार्रवाई

**झारखंड हाइकोर्ट ने कार्रवाई करने का सख्त आदेश दिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में रात 10 बजे के बाद डीजे (साउंड बॉक्स) बजाने वालों के खिलाफ पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वह किसी भी हाल में रात 10 बजे के बाद किसी भी समारोह में डीजे (साउंड बॉक्स) ना बजने दें।

मामले को लेकर कई थाना में कार्रवाई भी की गयी है। साथ ही डीजे के साउंड बॉक्स सहित कई सामान जब्त किये गये हैं। रात 10 बजे के बाद गाना बजाने के मामले में गोंदा थाने ने जिले में सबसे अधिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की है। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद एसएसपी की क्यूआरटी टीम घूम-घूम कर डीजे बजाने वालों पर अंकुश लगा रही है।

एसएसपी ने मंगलवार को बताया कि शहर में रात 10:00 बजे के बाद तेज साउंड में गाना बजाने और डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। इसके तहत लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाइकोर्ट ने सख्त आदेश दिया है कि रात 10 बजे के बाद अगर कहीं भी डीजे बजे तो उस पर कार्रवाई की जाये। इसके बाद रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# स्ट्रीट फूड वालों को अब लेना होगा लाइसेंस

**समाहरणालय परिसर में आज लगेगा कैंप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में रेहड़ीवालों को अब फूड लाइसेंस लेना होगा। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत रेहड़ीवालों को निबंधित होकर लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर के सदर अनुमंडल अधिकारी दीपक दुबे के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। इसकी वजह से अब सड़क किनारे चाय, पकौड़ी, भुंजा, गोलगप्पा-फुचका और किसी भी तरह का ठेला लगाने के लिए फूड लाइसेंस जरूरी होगा। समाहरणालय परिसर में 15 फरवरी को रेहड़ीवालों के लाइसेंस को लेकर कैंप लगाया जा रहा है। इसके लिए होटल, रेस्टोरेंट, पानी विक्रेता, थोक खाद्य विक्रेता, डिस्ट्रीब्यूटर, स्टॉकिस्ट, मैन्यूफैक्चर, खुदरा खाद्य कारोबारी, शराब विक्रेता, ठेला-खोमचा वाले, फल-सब्जी विक्रेता लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। लाइसेंस नहीं लेने वालों को छह माह की जेल या पांच लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है। खाद्य लाइसेंस लेने के लिए 100 रुपये से पांच हजार रुपये तक का लाइसेंस फीस देना होगा। सलाना 12 लाख रुपये से कम का कारोबार करनेवालों के लिए 100 रुपये का लाइसेंस फीस तय किया गया है। 12 लाख से अधिक का टर्नओवर होने पर दो हजार रुपए प्रतिवर्ष का शुल्क देना होगा। वहीं मैन्युफैक्चरर्स को 3 से 5 हजार रुपये प्रति वर्ष लाइसेंस फीस देना होगा। आवेदकों को एक फोटो पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता दर्ज नहीं है तो व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज जैसे होल्डिंग संख्या या रेंट एग्रीमेंट। 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले को फूड लाइसेंस लेना होगा इसके लिए प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर, पार्टनर, डायरेक्टर का लेटर हेड में पूरा विवरण के साथ डिक्लीयरेशन या पार्टनरशिप डीड की कॉपी देनी होगी।

# खोरठा विभाग ने अमर शहीदों को याद किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में पुलवामा आंतकी हमले में शहीद 40 जवानों की चौथी बरसी में उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर खोरठा विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदर अनाम ने शहीदों के चित्र में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात खोरठा विभाग और शिक्षा विभाग के छात्रों के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में उपस्थित सीआईएसफ के जवानों ने पुष्पांजलि की। इस अवसर पर खोरठा विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के अवंतीपुरा में आंतकी हमला हुआ था। इस हमले में भारत के 40 जवान शहीद हो गए थे। ये जवान शहीद होकर भी हम भारतीयों के दिलों में जिंदा हैं। जिनका बलिदान इतिहास के पन्नों में अमिट है। आज का दिन ब्लैक डे के रूप में याद किया जाता है। पुष्पांजलि सभा में शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अंजू, प्राध्यापक उमेश कुमार, राकेश रंजन, अमरेश पांडे, अर्चना, लॉव विभाग के कुमुद रंजन, अनिल केशरी, राहुल मंडल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हमारी सुनो : झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का आह्वान

# कृषि उपज विधेयक के विरोध में आज से अनिश्चितकालीन बंदी

**खाद्य सामग्री की खुदरा दुकानें, राइस मिल्स, फ्लॉवर मिल्स भी रहेंगी बंद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2022 के विरोध में 15 फरवरी 2023 से झारखंड में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक एवं कृषि संबंधी थोक व्यवसाय अनिश्चितकालीन के लिए बंद रहेंगी।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर राइस मिल्स, फ्लॉवर मिल्स सहित अन्य खाद्य संबंधी मैन्युफैक्चरर भी अपने प्लांट से सेल बंद रखेंगे। जनविरोधी कानून के विरोध में जारी इस आंदोलन में फल एवं सब्जी के थोक विक्रेता भी शामिल हैं। अनिश्चितकालीन खाद्यान्न व्यापार की बंदी की पूर्व संध्या पर चैंबर भवन में प्रेस वार्ता में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से राज्य में खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी, जिससे निकट भविष्य में उपभोक्ताओं को कठिनाई भी अवश्य होगी। किंतु इस विधेयक के प्रभावी होने से राज्य में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मूल्यवृद्धि के साथ ही इंस्पेक्टर राज को प्रोत्साहन मिलने की प्रबल आशंका को देखते हुए तथा उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के लिए यह निर्णय लेना हमारी विवशता है।

ना चाहते हुए भी हम अपना व्यापार बंद करने के लिए विवश हैं जिस कारण हम आम जनता से माफी चाहते हैं। क्योंकि यदि हम अब नहीं चेते तो आनेवाले निकट भविष्य में राज्य में महंगाई बढ़ेगी और बेरोजगारी की पराकाष्ठा बढ़ जायेगी। जनहित से जुड़े इस आंदोलन में आम जनता का सहयोग अपेक्षित है। राजभवन से कुछ शर्तों के साथ इस विधेयक को मंजूरी दी गयी है किंतु कृषि मंत्री द्वारा अब तक हमसे वार्ता की पहल नहीं की गयी है।

# दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी की मान्यता खत्म करने की अनुशंसा

**हाइयर एजुकेशन डिपार्टमेंट की कमिटी ने सौंपी रिपार्ट, नियमों की अनदेखी कर चल रहे विवि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में चल रहे प्राइवेट यूनिवर्सिटी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। पांच साल से अधिक समय होने के बाद भी नियम और शर्तों को प्राइवेट यूनिवर्सिटी मैनेजेमेंट पूरा नहीं कर रहे हैं। गिने-चुने विश्वविद्यालय ही ऐसे हैं, जो तमाम नियमों को पूरा करने के साथ क्वालिटी एजुकेशन मेंटेन किए हुए हैं। ये बातें सामने आयी हैं हाइयर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से करायी गयी जांच से। डिपार्टमेंट की ओर से एक कमिटी गठित की गयी है, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इस कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि राज्य के दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी की मान्यता को रद्द कर देनी चाहिए। ये अपनी स्थापना के पांच साल से अधिक बीतने के बाद भी शर्तें पूरी नहीं कर सकी हैं।

### इन दो यूनिवर्सिटी की मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा

हाइयर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से सौंपी गयी जांच रिपोर्ट में रांची के प्रज्ञान यूनिवर्सिटी तथा कोडरमा की कैपिटल यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द करने की बात कही गयी है। बता दें कि 2016 में प्रज्ञान यूनिवर्सिटी रांची में खोलने की अनुमति मिली। अधिनियम भी लागू हो गया। पर बीते सात साल में यह यूनिवर्सिटी पूरी तरह अस्तित्व में नहीं आ सकी। वहीं साल 2018 में कोडरमा में खुली कैपिटल यूनिवर्सिटी आज पांच साल बाद भी किराये के भवन में चल रही है। अब तक इस यूनिवर्सिटी की अपनी जमीन और आवश्यक संरचनाएं नहीं होने की वजह से इसकी मान्यता रद्द करने को कहा गया है।

### यूनिवर्सिटी को भेजा जायेगा नोटिस

हाइयर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से बनायी गयी जिस कमिटी ने जांच की है, वह कमिटी राज्यपाल के आदेश पर बनायी गयी थी। इस कमिटी के साथ-साथ चार अलग-अलग उपसमितियां भी बनायी गयीं। इन कमिटियों ने विश्वविद्यालयों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट विभागीय समिति को सौंपी। इसमें अन्य विश्वविद्यालयों में भी कई कमियां गिनायी गयीं, जिन्हें दूर करने को लेकर विश्वविद्यालयों को हाइयर एजुकेशन विभाग नोटिस भेजेगा।

### विधानसभा ने भी अलग जांच कमेटी

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में निजी विश्वविद्यालयों के नियम विरूद्ध संचालन पर हुए बहस के बाद उनकी जांच की बात की गयी थी। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने विधानसभा की ओर से पांच सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। पांच सदस्यीय यह कमिटी सभी निजी विश्वद्यालयों की जांच करेगी। इस कमिटी की कमान झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी को दी गयी है। इस कमिटी में विनोद सिंह, केदार हाजरा, लंबोदर महतो और रामचंद्र सिंह कमेटी के अन्य सदस्य बनाये गये हैं।

### विधायक अनंत ओझा और लंबोदर महतो ने उठाया था मामला

शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्य रूप से विधायक अनंत ओझा और विधायक लंबोदर महतो ने निजी विवि के मुद्दे को उठाया था। विधायक अनंत ओझा ने कहा था कि कई निजी विश्वविद्यालय राज्य के संसाधन का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं विधायक लंबोदर महतो ने कहा था कि ऐसे कई निजी विश्वविद्यालय हैं जो किराये के मकान में चल रहे हैं। यूजीसी की गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है।

**राज्य के प्रमुख निजी विश्वविद्यालय**

- आइसेक्ट यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी
- अर्का जैन यूनिवर्सिटी
- कैपिटल यूनिवर्सिटी
- झारखंड राय यूनिवर्सिटी
- नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी
- प्रज्ञान यूनिवर्सिटी
- राधा गोविंद यूनिवर्सिटी
- रामकृष्ण धमार्थ फाउंडेशन यूनिवर्सिटी
- साईंनाथ यूनिवर्सिटी
- सरला बिरला यूनिवर्सिटी
- श्रीनाथ यूनिवर्सिटी
- इक्फाइ यूनिवर्सिटी
- वाइबीएन यूनिवर्सिटी

# श्याम मंदिर में हुआ श्री हनुमान चालीसा का पाठ

**शनिवार को होगा भंडारे का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 37 वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन हुआ। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व सहयोगियों ने मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों से पाठ करवा कर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया।

इसके पूर्व नामकुम स्टेशन रोड निवासी प्रेम प्रकाश अग्रवाल, मीनू अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ महाबली श्री हनुमान जी महाराज की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, संतरा, फल का प्रसाद चढ़ाकर अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की । अग्रवाल परिवार ने श्रीरामचरितमानस महाग्रंथ व पाठ वाचको को पूजन वंदन चंदन कर-के आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण ढानढंनिया ने चना प्रसाद सुभाष रौनक पोद्दार ने घृत सेवा व एक श्याम भक्त ने गिरी गोला सेवा निवेदित की। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रतन शर्मा, गौरव अग्रवाल, कमल लोहिया, अरूण बुधिया, श्यामसुंदर जोशी, स्नेह पोद्दार, प्रदीप मोदी ने व्यवस्था व प्रसाद वितरण में सहयोग किया। वहीं शनिवार को भंडारे का आयोजन होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तजनों को आमंत्रित किया है।

# आदिवासी अभिनंदन के लिए सालखन ने पीएम से मांगा समय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व भाजपा सांसद सह आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य सार्वजनिक आदिवासी अभिनंदन करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर समय देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि भारत देश के इतिहास में 75 वर्षों के बाद किसी आदिवासी संताल महिला को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन करने का काम किया है। इसके लिए हम देश और दुनिया के सभी आदिवासी आपके कृतज्ञ हैं। आपको धन्यवाद करते हैं, जोहार करते हैं। आपका सार्वजनिक भव्य आदिवासी अभिनंदन करना चाहते हैं। इसलिए हमें अवसर प्रदान करें।

### इस कार्यक्रम में लाखों आदिवासी अभिनंदन के लिए आयेंगे

हम आदिवासी सेंगेल अभियान की तरफ से दुमका (झारखंड), कोलकाता (पश्चिम बंगाल) या बारीपदा (ओड़िशा) में भव्य कार्यक्रम करना चाहते हैं। जहां झारखंड, बंगाल, बिहार, ओड़िशा, असम के 5 प्रदेशों के लाखों आदिवासी आपके भव्य अभिनंदन के लिए आयेंगे। इसको लेकर गत दिवस विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से उनके रांची निवास में सकारात्मक बातचीत हुई है। सालखन पीएम से उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि भारत के आदिवासियों को आपके साथ अभिनंदन समारोह के मध्य से जुड़कर गौरवान्वित होने का एक ऐतिहासिक अवसर आप हमें जल्द प्रदान करेंगे। ताकि आपके और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर भरोसा बनाते हुए हम अपनी तमाम आशा कक्षाओं को जल्द पूरी कर सकेंगे।

# बैंक में नौकरी दिलवाने के नाम पर 1.60 लाख ठगे

**पीड़ित ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साइबर ठगों ने सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले विकास कुमार से 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली है। बदमाशों ने बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। विकास ने मंगलवार को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस को दिये आवेदन में विकास ने बताया कि उन्होंने नौकरी के लिए कई वेबसाइट पर आवेदन दिया था। एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर कहा कि एक बैंक में वैकेंसी है। अगर आप चाहें तो आपको उसमें नौकरी मिल सकती है, उसके लिए आपको कुछ प्रोसेस से गुजरना होगा। विकास ने जब सहमति जतायी तो ऑनलाइन ढाई हजार रुपये का भुगतान करवाकर ऑनलाइन ही उसका एक एग्जाम कंडक्ट किया गया। इसके बाद विकास के पास उसी व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया गया कि उसकी नौकरी पक्की हो गयी है। इसके लिए उन्हें कागजात वेरिफिकेशन सहित दूसरे कामों के लिए कुछ पैसे जमा करने होंगे। इसके बाद साइबर ठगों ने उसे झांसे में लेकर दस्तावेज के सत्यापन करने, पैनकार्ड और दूसरी अन्य चीजों की जांच करने के नाम पर राशि ली। इसके बाद साइबर ठगों ने आवास उपलब्ध कराने और ज्वाइनिंग लेटर देने के नाम पर 50-50 हजार रुपये लिए लेकिन उसे ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला। विकास कुमार ने जब बैंक की नौकरी के लिए बात करने वाले व्यक्ति को फोन करना चाहा तो उसका फोन भी बंद मिला। इसके बाद विकास को पता चला कि उसके साथ ठगी की गयी है।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को नन्हें बचपन प्ले स्कूल लोअर चुटिया में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। स्कूल के निर्देशक रुपेश केसरी और प्राचार्य श्रावणी फौजदार के द्वारा शहीदों की शहादत को नमन किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित किया गया, साथ ही सभी शिक्षिकाओं तथा बच्चों सहित 2 मिनट के मौन के साथ आयोजन का समापन किया गया।

# संत जेवियर कॉलेज के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** जेइइ मेन फेज वन की परीक्षा में संत जेवियर इंटरमीडिएट कॉलेज रांची के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष तीस छात्रों ने जेइइ मेन फेज वन की परीक्षा में शमिल हुए थे। इसमें बीस विद्यार्थियों उर्तीण रहे। इनमें निम्नलिखित ये छात्र हैं। शशि कुमार (पर्सेंटाइल - 97.91667), रजत कुमार साव(पर्सेंटाइल - 95.85), संतोष कुमार रवानी (पर्सेंटाइल - 94.63),उत्कर्ष सिंह (पर्सेंटाइल - 94.18) सुशील पांडे (पर्सेंटाइल - 88.47), नारायण गुप्ता (पर्सेंटाइल - 87.57), अंशु कुमार जीवारी (पर्सेंटाइल - 86.47), हिमांशु शर्मा (पर्सेंटाइल - 86.22), राहुल कुमार (पर्सेंटाइल - 85), आदित्य जयसवाल (पर्सेंटाइल - 82) को जेइइ मेन फेज वन में बेस्ट परसेंटाइल मिला है। संत जेवियर इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रिंसिपल फादर अजय अनिल तिर्की ने सारे छात्रों के सफल होने पर उन्होंने बताया कि यहां का स्टडी पैकेज जेइइ मेन एवं जेइइ एडवांस्ड के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार संबंध है। इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट सोल्भ करते हैं। इस मौके पर डॉ इम्तियाज अली, आशीष कुमार, मेधा लकड़ा, चंचल मौजूद थे।

## मनरेगा आयुक्त ने परियोजना पदाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

# मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर समय पर योजनाओं को पूरा कराने और ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी जिला के परियोजना पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। साथ ही संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली। मनरेगा की प्रमुख योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जायेगा।

### योजनाबद्ध तरीके से बनायें कार्ययोजना

बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा के तहत सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया साथ ही, मनरेगा आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा में जो सक्रिय



मजदूर हैं उनका सौ फीसदी आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनाओं का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने को कहा।

### वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना करें पूरा

बैठक के दौरान मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कराने का निर्देश दिया। गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा जिला में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर संबंधित परियोजना पदाधिकारियों को मनरेगा आयुक्त द्वारा आदेश देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

### लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर करें पूरा

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी के द्वारा मनरेगा कार्य की समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 की योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे कार्ययोजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### योजनाओं का लक्ष्य के मुताबिक प्रगति करें सुनिश्चित

मनरेगा आयुक्त ने अमृत सरोवर के तहत किये जा रहे कार्यों के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के लिए सभी परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही, अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए समय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) इत्यादि की भी समीक्षा की गयी।

# रामगढ़ उपचुनाव ने अवसर दिया है यूपीए गठबंधन को धूल चटाने का : बाबूलाल

## पूर्व मुख्यमंत्री ने संग्रामपुर, बंदा एवं गोला में सुनीता चौधरी के पक्ष में किया चुनावी सभा को संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में क्षेत्र के संग्रामपुर, बंदा एवं गोला में चुनावी सभा को संबोधित किया। बंदा के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है। वो पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। चुनाव पूर्व उन्होंने पांच लाख बेरोजगारों को नोकरी देने का वादा किया था। नोकरी नही देने पर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सरकार रोजगार नहीं दे पाई। उल्टा युवाओं का रोजगार चली गई। उन्होंने कहा कि यूपीए गठबंधन पैसे की राजनीति कर रहे है। लूट की पैसे से तिजोरी भरने का काम कर रही है। पूरे राज्य में बालू,कोयला, लोहा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। बालू के लिए जनता तरस रही है। बालू नही मिल रहा है। यहां तक कि पीएम आवास भी बनाना मुश्किल हो गया है। मेरे कार्यकाल में बालू को फ्री कर दिया था। सरकार राज्य में स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने के पक्ष में नही है। इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रहे है। मेने पहले ही बोल दिया था कि कोर्ट इस नीति को रिजेक्ट कर देगा। लेकिन ये लोग नही माने। राज्य में हत्या,बलात्कार,लूट और चोरी की घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य में डीजी पुलिस की नियुक्ति नही हो पाई है। सरकार को तीन नाम विभाग से मिला है। सरकार नियुक्ति इस लिए लटका के रखी है कि वसूली कर सबसे ज्यादा पैसा कौन देगा। उसे ही पद देंगे। वही गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यहां का विकास पूरे राज्य में नंबर एक हुआ करता था। लेकिन आज सबसे नीचे है।



### ये थे शामिल

कुलदीप साव,दिलीप दांगी, चंद्रशेखर कुमार, निरंजन खन्ना, बबलू साव,राजु चतुवेर्दी, प्रमुख गीता देवी,उपप्रमुख विजय ओझा,बजरंग कुमार महथा,सुरेश रजक,महेश महतो, पंचम चौधरी, अमृत लाल मुंडा,मनीलाल गोस्वामी, बिल्ला पोद्दार, निखिल दांगी, लखन अग्रवाल, दिनु गोस्वामी, बिशु रजवार,लखिन्द्र कुमार, अनिल कुमार, इम्तियाज अंसारी,दीपक शर्मा, संतोष कुमार दास,कपिल मुंडा,जितेंद्र साहू,रमेश पोद्दार, विकास मणि पाठक, मनोज बुधिया,दीनू गोस्वामी,बंटी रवानी,ममता देवी आदि थे।

## एनडीए प्रत्याशी ने कई क्षेत्रों का दौरा कर मांगा समर्थन

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगी विकास की किरण : सुनीता



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी अपने समर्थकों के साथ दर्जनों गांव का दौरा कर आमजनों से समर्थन मांगा। हाथ जोड़कर एक बार मौका देने की अपील की। उन्होंने 27 फरवरी को केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। मंगलवार को हेटबरगा, उपरबारगा, बरगा पूरबटांड़, असाडी बागान, हरना सहित दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया। सभी जगह बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद मांगा।

### एक बार मौका दें, फिर से रामगढ़ को मिलकर संवारेंगे

चुनावी अभियान के दौरान एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि मैं आपके बीच एनडीए प्रत्याशी के रूप में खड़ी हूं। लेकिन मैं आपका आशीर्वाद लेने आई हूं। आपके आशीर्वाद से एक बार फिर पिछडे रामगढ़ को नंबर वन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का किरण पहुँचाऊंगी। उन्होंने कहा कि 3 वर्षों में रामगढ़ कहां से कहां पहुंच गया है। आज रामगढ़ विकास के मामले में सबसे निचले पायदान पर खड़ा है। उस प्रतिष्ठा को मैं पुनः दिलाने का प्रयास करूंगी। चुनावी अभियान में जिला पार्षद अध्यक्ष सुधा चौधरी, संगीता कुमारी, बबीता देवी, राजू महतो, पूर्वी जोन के अध्यक्ष शरद त्रिपाठी, भाजपा नेता त्रिलोचन प्रजापति, प्रकाश महतो, हिमांशु सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

इसके बाद गोला सवर्ण वणिक धर्मशाला में चुनावी सभा को उन्होंने संबोधित किया। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री को जगह जगह भाजपा एवं आजसू कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया ।

# संतोष कुमार सोनी ने इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रमिक नेता संतोष कुमार सोनी ने इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस आशय से संबंधित पत्र इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे को प्रेषित किया है। अपने पत्र में श्री सोनी ने श्री दुबे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा है कि निजी कार्य व्यस्तता के कारण संगठन के लिए समय निकाल पाना संभव नहीं हो पा रहा था, इसलिए वह राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे रहे हैं। श्री सोनी ने कहा कि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे का वह काफी सम्मान करते हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में श्रमिक हितों के लिए संगठन से जुड़कर संघर्षशील रहे। व्यक्तिगत तौर पर वह श्री दुबे जी के सदैव आभारी रहेंगे।

# पड़हा व्यवस्था पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** वीर बुधू भगत स्मारक समिति के द्वारा झखरा कुंबा सिलागाई मे एकदिवसीय पड़हा व्यवस्था पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भौवा उरांव ने की। कार्यक्रम में पडहा समाजिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, बेड़ो, मांडर से पड़हा के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में रुढ़ीवादी परंपरा संस्कृति एवं समाजिक व्यवस्था पर चर्चा हुई। डॉ रामकिशोर भगत ने कहा कि आज आदिवासीयों का कोई लिखित ग्रंथ नहीं होने के कारण आदिवासी समाज परंपरा संस्कृति से भटक रहे हैं। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि 17 फरवरी को वीर बुधु भगत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में विधायक सांसद भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में पड़हा व्यवस्था पर लिखित प्रारूप तैयार करने पर सहमति लिया गया एवं ड्राफ्टिंग कमेटी में डॉ रामकिशोर भगत, डॉ परमेश्वर भगत, डॉ बुद्धू उरांव, डॉ सोमरा उरांव, बिमल कच्छप, फूलचंद तिर्की को जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, डॉ परमेश्वर भगत, सुनील उरांव, विमल कच्छप, डॉ रामकिशोर भगत, भौआ उरांव, अल्फेरेड मिंज, रंजित उरांव, महादेव उरांव, डॉ मंजू मिंज एवं अन्य शामिल थे।

# आदिवासी बचाओ महारैली पांच को




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुमकुड़िया सभागार करमटोली, रांची विभिन्न आदिवासी संगठनों का साझा मंच आदिवासी समन्वय समिति द्वारा आगामी पांच मार्च को आदिवासी बचाओ महारैली आदिवासी समाज को बचाने के लिए आयोजित है। यह महारैली किसी नेताओं/संगठनों की निजि स्वार्थ, महत्वाकांक्षा और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नही बल्कि आदिवासी समाज के ऊपर जो चौतरफा हमला जारी है, उससे बचने के लिए गांव - गांव तक के आदिवासियों को जगाना है। आज कुड़मी/कुरमी/महतो समुदाय के संपन्न वर्ग के राजनीतिक लोगों द्वारा अपने जाति के लोगों को भ्रमित करके जातीय गोलबंदी करके आदिवासी बनने की लड़ाई लड़ा जा रहा है जो आदिवासियों के उपर हमला है। इस समुदाय के लोगों को यदि आदिवासी (शिडयूल ट्राइब) में शामिल किया जाता है तो मूल आदिवासी समुदाय की नौकरी, जमीन, राजनीतिक हिस्सेदारी/प्रतिनिधित्व, पहचान, इतिहास खतरे में आ जाएगी। इन्ही प्रमुख मांगों को लेकर आदिवासी समन्वय समिति द्वारा आयोजित आदिवासी बचाओ महारैली की तैयारी के लिए बैठक, जनसंपर्क, सभा, प्रचार-प्रसार सभी जिलों में किया जा रहा है। वहीं विधायक चमरा लिंडा द्वारा आयोजित 16 फरवरी 2023 की आदिवासी अधिकार महारैली आदिवासी समाज को ठगने और गुमराह कर-के अपने निजि स्वार्थ, महत्वाकांक्षा और राजनीतिक उद्देश्य को साधने के लिए आयोजित है। संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मंत्री देवकुमार धान, लक्ष्मीनारायण मुंडा, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, प्रेमशाही मुंडा, अजय तिर्की और अभय भुटकुंवर आदि उपस्थित थे।

# जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच जरूरी : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में एनएसएस द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने कैरियर के चयन करते समय अपनी जरूरतों के अनुसार अपनी प्राथमिकताओं को निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भी चाणक्य की कही बातें प्रासंगिक है। इस संदर्भ में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन जीवन को सरल और सफल बनाता है यदि आपके जीवन में अनुशासन नही है तो आप कभी सफल नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि आलस्य सफलता का दुश्मन है। विद्यार्थी जीवन में बिना आलस लिए अपने कार्य को समय से पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने अहंकार को विद्यार्थी जीवन में त्यागने की सलाह देते हुए कहा कि चाहे धन हो, बुद्धि हो या समाज में आपकी प्रतिष्ठा हो, अहंकार करने से ये सभी नष्ट हो जाते है या इनकी कोई अहमियत नहीं होती। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों की सफलता से चिंतित न होकर स्वयं सफलता की उनसे बड़ी लकीर खींचने पर फोकस करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ शमा सोनाली और धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय भरत ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, डॉ शुचि संतोष बरवार और अन्य शिक्षक और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश सिंह ने दी।




## राष्ट्रीय विमर्श के दूसरे दिन छात्रों को एक्सपर्ट्स ने दिये टिप्स, कहा

# डिजिटल युग में अखबार के सामने चुनौतियां बहुत, पर यह और निखरेगा

**न्यू मीडिया बहुत तेज और व्यापक, पर इसे अपनी विश्वसनीयता बढ़ानी होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्कूल ऑफ मास कमयुनिकेशन रांची विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विमर्श जोहार के दूसरे दिन फिल्म, पत्रकारिता, न्यू मीडिया, टीवी, रेडियो जैसे क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स ने छात्रों को अपने विचारों से अवगत कराया और करियर के लिये टिप्स भी दिये। मुंबई युनिवर्सिटी तथा रांची यूनिवर्सिटी, जेवियर कॉलेज, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने इन एक्सपर्ट से सवाल भी पूछे। सबसे पहले झारखंड के युवा और चर्चित पत्रकार शनि शारद ने छात्रों को न्यू मीडिया की चुनौतियों और भविष्य पर बहुत ही रुचिकर जानकारियां दी। शनि शरद ने कहा कि वैश्विक और तीव्र माध्यम होने के कारण आज वेब जर्नलिज्म सबसे सफल मीडिया है, लेकिन इसे अपनी विश्वसनीयता भी बनानी होगी। शनि शरद ने कहा कि पत्रकारिता सिर्फ एक पेशा नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हमें खबरों के पीछे की खबरों तक जाना चाहिये। झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार एनके मुरलीधर ने छात्रों को रूचिकर तरीके से पत्रकारिता एवं पत्रकारों के ऊपर देश समाज की जिम्मेदारी से रूबरू कराया। पत्रकार श्रेयसी मिश्र ने छात्रों को बताया कि अखबार की भाषा पर लोग भरोसा करते हैं और इससे सीखते हैं इसलिए प्रिंट मीडिया में भाषायी शुद्धता बनाये रखनी चाहिए। डन्होंने प्रिंट मीडिया की चुनौतियां विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज अखबारों के सामने चुनौतियां तो हैं, पर यह और निखर कर सामने आयेगा। प्रिंट ने टीवी रेडियो जैसे चुनौतियों को सफलता से पार किया है।

पर्यावरण पत्रकार एवं मास कॉम के शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने पर्यावरण पत्रकारिता की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि पर्यावरण पत्रकारिता में युवाओं को आना चाहिये। प्रो अनीता सिंह ने अंग्रेजी साहित्य की विधाओं पर प्रयास डाला और कहा कि साहित्य समाज को गढता है। संतोष किड़ो ने स्टोरी टेलिंग के बारे में छात्रों को बताया और कहा कि यह पीढ़ी दर पीढ़ी संचार का माध्यम होने के साथ ही सत्य के प्रसार का भी माध्यम है।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ पीके झा ने भी छात्रों को संबंधित विषय की सटीक जानकारियां दीं। सबा इकबाल ने छात्रों को न्यू मीडिया, फिल्म निर्माण तथा वर्तमान पत्रकारिता पर अपने विचार रखे। प्राध्यापक सुधीर मिश्र ने फिल्म और राष्ट्रीयता पर अपने विचार व्यक्त किये वहीं प्रज्ञा शुक्ल ने साहित्य और फिल्म के बीच संबंध तथा साहित्यिक फिल्मों के निर्माण में कमियों और गुणों के बारे में बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कुंदन चौधरी ने फिल्म निर्माण, फिल्म आलोचना तथा फिल्म निर्माण पर छात्रों को कई महत्वपूर्ण बातें बतायीं। इस राष्ट्रीय विमर्श में शिक्षक संकर्षण परिपूर्णन ने साहित्यिक पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त किये। एक्सपर्ट्स के विचारों के बाद छात्रों को झारखंड के युवा पिफल्मकार एनपीके की फिल्म बांधा खेत दिखाया गया। इस अवसर पर केईएस श्राफ कॉलेज मुंबई के शिक्षक आशीष रिछार्या और युवती नंदू, मास कॉम विभाग के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी छात्र, उपनिदेशक डॉ विष्णु महतो, शिक्षक संतोष उरांव, पूजा उरांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अंशिता सिंह ने किया।

# इंटरनेशनल एल्युमिनियम कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन संस्करण का झारसुगुड़ा में समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भूवनेश्वर।** नयी दिल्ली भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने 9 और 10 फरवरी को झारसुगुड़ा ओडिशा में अपने संचालन में अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम सम्मेलन 2023 के उद्घाटन संस्करण की आयोजित किया था। एल्युमिनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व के एल्युमीनियम उद्योग और संबद्ध क्षेत्रों के जाने-माने लोगों ने भाग लिया, जिसमें 13 देशों के लगभग 400 ग्राहक और उद्योग जगत के प्रमुख उपस्थित थे। 'मेकिंग इंडिया द एल्युमीनियम कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' पर आधारित एल्युमीनियम निर्माण मूल्य श्रृंखला, उद्योग मंचों और सरकार में खिलाड़ियों के बीच अधिक सहयोग की सुविधा के लिए अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम सम्मेलन को भारत के सबसे बड़े बी2बी मंच के रूप में माना गया था। भाग लेने वाली कंपनियों के रोस्टर में इंडियन ऑयल, अल्ट्राटेक और ग्रंडफोस जैसे घरेलू दिग्गजों के प्रतिनिधियों के अलावा सीमेंस (जर्मनी), एबीबी (स्विट्जरलैंड), रिएल एल्युमिनियम (कनाडा) और सिमोनसेन (डेनमार्क) शामिल हैं, जिन्होंने अपने उद्योग समाधान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये।

एल्युमिनियम निर्माण कंपनियों के विशेषज्ञ और उद्योग के शिल्पपती, ग्राहक, व्यापार भागीदार और प्रौद्योगिकी प्रदाता, उद्योग के विशेषज्ञों से लगभग 45 गहन तकनीकी सत्रों के लिए एक साथ आये, जो एल्युमिनियम निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्मार्ट इंजीनियरिंग और अग्रणी तकनीकों जैसे डिजिटल प्रौद्योगिकियां व्यापक डोमेन में काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए मैथियू अर्लेट्राज सीइओ - आर एंड डी कार्बन (स्विट्जरलैंड) ने 'वर्ल्ड क्लास स्मेल्टर्स - बेंचमार्क एनोड्स के साथ प्रमुख प्रदर्शन संकेतक' पर बात की, जबकि सीएईटीई (ब्राजील) के निदेशक डागोबर्टो शुबर्ट सेवरो ने 'एल्युमिनियम स्मेल्टिंग उद्योग में हाल ही में न्यूमेरिकल सिमुलेशन इनोवेशन' पर बात की।

आने वाले वेदांता एल्युमिनियम पार्क के लिए साझेदारी में रुचि रखने वाले ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और उद्योग के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में एल्युमिनियम क्षेत्र और सहयोगी उद्योगों से जुड़ी 30 से अधिक कंपनियों द्वारा अपनी तकनीकी और विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गयी।

इवेंट के बारे में राहुल शर्मा सीइओ - एल्युमिनियम बिजनेस वेदांता लिमिटेड ने कहा-हमें दुनिया के कुछ सबसे नवीन कौशल, धातु और उत्पादन क्षेत्र के विशेषज्ञों और एल्यूमीनियम निर्माण में प्रमुख खिलाड़ियों की आयोजन करने की खुशी है। झारसुगुड़ा में हमारे मेगा एल्युमीनियम स्मेल्टर में मूल्य-श्रृंखला, श्रुखला चिंताधारा और उद्योग के दिग्गजों के इस संगम ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग में नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया है और एल्यूमीनियम उद्योग की विनिर्माण उत्कृष्टता और स्थिरता में एक कदम बदलाव लाने के लिए विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के व्यावहारिक आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त किया है। इंटरनेशनल एल्युमिनियम कॉन्फ्रेंस के पहले संस्करण से प्राप्त जानकारियों के साथ, हम भारत को दुनिया की एल्युमीनियम राजधानी बनाने के लिए अपने ग्राहकों, भागीदारों और हितधारकों के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 17 dated 11.02.2023 I, Ajay Oraon son fo Tele Oraon resident of village Itki Chak Bari P.O. and P.S. Itki Dist. Ranchi (Jharkhand) do hereby affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian national and resident of the above mentioned address.
2. That my father's name is Tele Oraon which is mentioned in my educational certificate of matriculation certificate be of Jharkhand Academic Council bearing Roll Code 11042 Roll no. 0151.
3. That my father's correct and actual name is Mahli Charwa Oraon which is mentioned in his death certificate no. RNC/Itki/Itkiw/Death/34879/2016 dated 08.01.2016.
4. That this affidavit is for the purpose of change the name of my father as Mahli Charwa Oraon in place of Tele Oraon in my matriculation certificates.

**शपथ-पत्र**

शपथ-पत्र संख्या 89 दिनांक 13.02.2023 के अनुसार मैं, **बिरेन्द्र कुमार**, पिता-लालधारी प्रसाद, उम्र लगभग-37 वर्ष, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता-भारतीय, साकिन ग्राम-रजगढीया रोड, कृष्णापुरी विश्रामबाग, झुमरी तिलैया, पोस्ट-झुमरी तिलैया, थाना- तिलैया, जिला-कोडरमा, राज्य-झारखंड शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का नाम **हर्षित कुमार** है, जो ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में कक्षा अष्टम का विद्यार्थी है।
3. यह कि मेरे पुत्र **हर्षित कुमार** के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम **बिरेन्द्र कुमार** के स्थान पर **बिरेन्द्र यादव** अंकित है, जो गलत है ।
4. यह कि मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्रों में मेरा नाम **बिरेन्द्र कुमार** दर्ज है।
5. यह कि मेरे पुत्र हर्षित कुमार के विद्यालय के नामाकंण पंजी में पिता **बिरेन्द्र यादव** के स्थान पर **बिरेन्द्र कुमार** दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र बनाया।

**कोर्ट नोटिस**

ब अदालत श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा ।
खोरपोश मुकदमा सं0-116 / 2022
रूबी देवी............................आवेदिका
**बनाम्**
मनोज राणा..............................
विपक्षी
**धारा-125 द.प्र.सं.**

**नोटस :-**
**मनोज राणा** पिता नारायण राणा
मो. नं. -9322677327
ग्राम - अम्बाडीह, पोस्ट- परसाबाद,
थाना- जयनगर, जिला - कोडरमा।

आपको इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा आपके विरूद्ध दायर की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है, चूँकि आपके विरूद्ध निर्बंधित डाक से नोटिस भेजा गया था।

अतः आपको यह आदेश दिया जाता है कि आप दिनांक 20.02.23 को 10:00 बजे सुबह आप स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कारण-पृच्छा (यदि हो, तो) दाखिल करें, अन्यथा आपके विरूद्ध सुनवाई की जायगी ।

**( इसे आवश्यक समझे)**

**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा**

# महिला क्रिकेट को पंख

वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए सोमवार को मुंबई में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में जिस तरह का जोश दिखा, उसे इसकी अच्छी शुरुआत का संकेत माना जा सकता है। इसमें भारतीय बैटर स्मृति मंधाना को सर्वाधिक 3.4 करोड़ रुपये कीमत मिली तो सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर रहीं। उन्हें 3.2 करोड़ रुपये में गुजरात जायंट्स ने खरीदा। इस लिहाज से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए मुंबई इंडियंस की ओर से लगायी गयी बोली 1.8 करोड़ जरूर अपेक्षा से कम है। ऐसी लीग में अक्सर कुछ खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगती। ऐसा इस नीलामी में भी हुआ। टीमों की रणनीति, प्राथमिकता, खिलाड़ियों को खरीदने का बजट नीलामी को प्रभावित करते हैं। ज्यादा बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों की नीलामी के साथ ही डब्ल्यूपीएल ने एक महत्वपूर्ण चरण पूरा कर लिया। इसे लेकर न सिर्फ खिलाड़ियों में बल्कि क्रिकेट जगत से सीधे तौर पर या परोक्ष रूप से जुड़े तमाम लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। अगर आइपीएल के मुकाबले में देखा जाये, तो यह हर तरह से कम नजर आती है। सबसे महंगे खिलाड़ी की बात करें तो आइपीएल में इस साल टॉप पर रहे इंग्लैंड के सैम कुरेन 18.5 करोड़ रुपये में बिके, जिसके आगे मंधाना को मिली रकम कुछ नहीं लगती।

**डब्ल्यूपीएल में मात्र 5 टीमें रखी गयी हैं, जबकि आइपीएल में दस टीमें खेलती हैं। मगर भूलना नहीं चाहिए कि आइपीएल का 16 वर्षों का इतिहास है, उथल-पुथल भरी एक लंबी यात्रा है।**

हो भी क्यों ना! डब्ल्यूपीएल में हर टीम को मिला बजट मात्र 12 करोड़ रुपये है, जबकि आइपीएल में हर टीम को 95 करोड़ रुपये मिलते हैं। डब्ल्यूपीएल में मात्र 5 टीमें रखी गयी हैं, जबकि आइपीएल में दस टीमें खेलती हैं। मगर भूलना नहीं चाहिए कि आइपीएल का 16 वर्षों का इतिहास है, उथल-पुथल भरी एक लंबी यात्रा है। यह दर्शकों की मौजूदगी के मामले में दुनिया में पहले नंबर की क्रिकेट लीग है और यह कोई आज की बात नहीं। 2014 में ही औसत उपस्थिति के मामले में इसने दुनिया की सभी स्पोर्ट्स लीग में छठा स्थान हासिल कर लिया था। इस लीग ने क्रिकेट को जिस स्तर पर पहुंचाया, क्रिकेटरों को जिस तरह का मंच दिया, वह कुछ समय पहले तक अकल्पनीय था। छोटे शहरों और कस्बों के खिलाड़ियों के लिए अचानक उम्मीदों का आसमान खुलता दिखायी देने लगा। ये सारी बातें न केवल डब्ल्यूपीएल के भविष्य को लेकर आशान्वित करती हैं, बल्कि महिला क्रिकेट के आगामी चमकदार दौर की उम्मीद बढ़ाती हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे देश की खिलाड़ियों ने कठिन चुनौतियों से गुजरते हुए महिला क्रिकेट को यहां तक पहुंचाया है। उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ था इसका बीसीसीआइ के हाथों में पहुंचना। अब डब्ल्यूपीएल की शुरुआत के रूप में इसका नया फेज शुरू हो रहा है। उम्मीद की जाए कि यह दौर महिला क्रिकेट को न केवल तमाम जरूरी संसाधनों से लैस करेगा, बल्कि देश की उभरती प्रतिभाओं में नया उत्साह भरते हुए उनके सामने क्रिकेट को एक आकर्षक और भरोसेमंद करियर के रूप में स्थापित करेगा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री आवास योजना में धन आबंटन लाभार्थी परिवार के प्रमुख महिला सदस्य के नाम किया जाता है। घर का मालिकाना हक उनके साथ ही तय होता है। स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय की व्यवस्था की जाती है। पेयजल की आपूर्ति, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस की आपूर्ति के साथ इसे जन धन खाते से जोड़ा गया है। निश्चय ही यह न केवल भारत के इतिहास में, बल्कि पूरे विश्व में सबसे बड़ी हाउसिंग परियोजना है।**

# आश्रय का अधिकार और इसका इतिहास

**कौशल किशोर**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नये बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु 79,590 करोड़ रुपये आबंटित किये हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के लिए 54,487 करोड़ और शहरी क्षेत्र के लिए 25,103 करोड़ रुपये हैं। पिछले बजट में 48,000 करोड़ रुपये आबंटित किये गये थे। इस तरह रियायती आवास योजना के लिए 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब परिवारों को ध्यान में रख कर 2015 में पक्का मकान बनाने का कार्यक्रम शुरू किया था। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के साथ पुरानी झोंपड़ियां कंक्रीट की संरचना में तबदील हो रही हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में नागरिकों के गरिमामय जीवन का प्रावधान है। आश्रय का अधिकार भी इसमें निहित है। सरकार इसके प्रति समर्पित है। पिछले 7 सालों से जारी रियायती आवास योजना पर बढ़ते व्यय से यह परिलक्षित होता है। भारत के गांवों में बसने वाले लगभग तीन करोड़ परिवार इसके लाभार्थी हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना में धन आबंटन लाभार्थी परिवार के प्रमुख महिला सदस्य के नाम किया जाता है। घर का मालिकाना हक उनके साथ ही तय होता है। स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय की व्यवस्था की जाती है। पेयजल की आपूर्ति, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस की आपूर्ति के साथ इसे जन धन खाते से जोड़ा गया है। निश्चय ही यह न केवल भारत के इतिहास में, बल्कि पूरे विश्व में सबसे बड़ी हाउसिंग परियोजना है। लेकिन यह अपनी तरह की पहली सार्वजनिक आवास योजना नहीं है। इसका इतिहास देश की आजादी के साथ शुरू होता है। अखंड भारत के विभाजन के ठीक बाद पुनर्वास कार्यक्रम शुरू हुआ था। पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान से आने वाले लाखों लोगों को ध्यान में रख कर इसे लागू किया गया। उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख शरणार्थी परिवारों को बसाने का कार्य अगले 13 साल तक जारी रहा।

**ग्रामीण क्षेत्र में तीन करोड़ मकान और शहरी क्षेत्र में डेढ़ करोड़ घरों के लिए 8.3 लाख करोड़ रुपये राजस्व की खपत होगी।**



**आश्रय के अधिकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय खूब सक्रिय है। इसके साथ ही अवैध निर्माण ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता भी है। नये बजट से कुछ दिन पहले शीर्ष अदालत ने हिमालयी राज्य उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा और मोहल्ला नयी बस्ती को गिराने पर रोक लगाने के लिए स्थगन आदेश पारित किया था।**

पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1957 में ग्रामीण आवास योजना शुरू की। यह आश्रय की दूसरी योजना थी। योजना आयोग दूसरी पंचवर्षीय योजना के तहत इसे शुरू करता है, जो पांचवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक जारी रही। इसके तहत 67000 मकानों का निर्माण हुआ। इसके उपरांत तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्तर के दशक में आवास विकास सहयोग स्कीम शुरू की। एक दशक बाद राजीव गांधी ने भी अपनी मां की याद में इंदिरा आवास योजना शुरू की। इसके तहत 1985 से अगले तीन दशकों तक रियायती आवास का निर्माण किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2005 में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन आरंभ किया और 2013 में राजीव आवास योजना भी शुरू की थी। इसमें 2022 तक भारत को मलिन बस्तियों से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया। इन रियायती योजनाओं को कांग्रेस की विरासत माना जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सभी के लिए आवास के नारे के साथ यह योजना शुरू की है। आजादी का अमृत महोत्सव के साथ इसे 2022 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। तमाम कोशिशों के बाद भी इसे पूरा नहीं किया जा सका। इसे 2024 तक बढ़ा दिया गया है।

इस योजना का कार्यक्षेत्र ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाजित है। ग्रामीण क्षेत्र में तीन करोड़ मकान और शहरी क्षेत्र में डेढ़ करोड़ घरों के लिए 8.3 लाख करोड़ रुपये राजस्व की खपत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ से ज्यादा मकान बनाये जा चुके हैं तथा शहरी क्षेत्रों में करीब सत्तर लाख घरों का निर्माण हुआ है। आश्रय का अधिकार के दौर में बुलडोजर की राजनीति भी शुरू हुई। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य ने आपराधिक मामले के अभियुक्तों के घर ध्वस्त करने के लिए इसे शुरू किया है। हालांकि बुलडोजर का इस्तेमाल अपराधियों तक ही सीमित नहीं है। शहरी इलाके की झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले निर्दोष भी इसका शिकार हो रहे हैं। इस पर रोक नहीं लगाने की दशा में लंबे समय तक रियायती आवास योजना जारी रखने का अवसर बना रहेगा।

आश्रय के अधिकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय खूब सक्रिय है। इसके साथ ही अवैध निर्माण ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता भी है। नये बजट से कुछ दिन पहले शीर्ष अदालत ने हिमालयी राज्य उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा और मोहल्ला नयी बस्ती को गिराने पर रोक लगाने के लिए स्थगन आदेश पारित किया था। पिछले साल दिसंबर में नैनीताल उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी में 29 एकड़ रेलवे भूमि पर लंबे अर्से से रहने वाले पचास हजार लोगों को बेदखल करने का निर्देश दिया। आश्रय के उनके संवैधानिक अधिकार की रक्षा के मामले में उच्चतम न्यायालय ने पीड़ितों के पुनर्वास का प्रस्ताव दिया है। इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकार 7 फरवरी को आठ हफ्ते का समय मांगती है। दिल्ली-हरियाणा सीमा पर फरीदाबाद में खोरी गांव का विध्वंस आश्रय के मौलिक अधिकार की परिधि से बाहर नहीं है। इस मामले में पीड़ितों की संख्या एक लाख है। गांववासियों ने ध्वस्तीकरण से पहले पुनर्वास के लिए बराबर प्रयास किया। यह आज भी जारी है।

## जमशेदपुर की खबरें

# पटमदा स्थित कस्तूरबा विद्यालय में 25 छात्राएं चिकन पॉक्स की चपेट में

### सर्विलांस टीम सहित मौके पर पहुंचे विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में पटमदा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका मध्य विद्यालय में रहने वाली छात्राओं में चिकन पॉक्स फैलने से हड़कंप मच गया है। जिला सर्विलांस विभाग की टीम आनन-फानन में जांच करने पहुंची।

**100 छात्राओं की हुई जांच :** इस दौरान लगभग 25 छात्राएं बीमार मिलीं। इसमें 15 छात्राएं वापस घर चली गई हैं, वहीं 10 छात्राएं विद्यालय के छात्रावास में रुकी हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूल में शिविर लगाकर 100 छात्राओं की जांच की। इसमें कई बच्चे सर्दी-खांसी व बुखार से भी ग्रस्त मिले। जांच के बाद बच्चों को बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया।

जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ असद ने बताया कि चिकन पॉक्स संक्रमित बीमारी है। ऐसे में जिन्हें हुआ है वे लोग किसी अलग कमरे में रहें, ताकि अन्य छात्राएं इससे बच सकें। डॉ असद ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के शरीर में चकत्ते दिखाई दें तो उसे नजरअंदाज नहीं करें बल्कि किसी चिकित्सक से दिखाएं, क्योंकि यह चिकन पॉक्स का लक्षण है।

**इन लक्षणों को हल्के में न लें :** इसी तरह, शरीर में दर्द, गले में खरास, खांसी, थकान व बुखार भी हो तो उसे हल्के में नहीं ले। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी भी स्कूल पहुंचे और हालचाल लिया। जांच टीम में डा. असद के अलावा सुशील तिवारी, दीपक कुमार, पटमदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डा. सोमेन दत्ता, लैब टेक्नीशियन डाली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पटमदा के कुमीर पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य और नेत्रजांच शिविर लगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** कुमीर पंचायत मंडप में पटमदा प्रखंड प्रशासन के द्वारा सबर कैंप का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर में पंचायत क्षेत्र के सबर परिवारों का आधार पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच सहित कई प्रकार की सरकार द्वारा मिलने वाली महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया दीपक कोड़ा के आग्रह पर पूर्णिमा नेत्रालय की टीम द्वारा न्यू ऑप्टिकल कटीन के सहयोग से पंचायत मंडप में शिविर लगाकर नेत्र जांच किया गया। मौके पर पूर्णिमा नेत्रालय के विपिन गौतम, डॉ शिबू कुंभकार, जया कुमारी, संजय कर्मकार, हीरालाल महतो, भवानंद कुमार ने अहम भूमिका निभायी। वही पटमदा सीएचसी के चिकित्सक डॉ सोमेन कुमार के उपस्थिति में टेकनिशीयन पंकज कुमार की सहयोग से स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाई निशुल्क उपलब्ध करवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पंचायत सचिव भीम महतो भी शामिल रहे।

# पोटका विधायक को गृहरक्षकों ने किया स्मार पत्र समर्पित

# समान काम, समान वेतन के लिए लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिले के गृहरक्षकों के प्रतिनिधि मंडल झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को लागू कराने की मांग को लेकर पोटका के विधायक संजीव सरदार से मुलाकात की। मंगलवार को गृहरक्षकों के पूर्व सचिव कमल शर्मा के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से मुलाकात कर समान काम का समान वेतन लागू कराने में पहल करने की अपील की। इस दौरान उनके द्वारा एक स्मार पत्र विधायक को समर्पित किया गया।मौके पर विधायक ने पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर कमल शर्मा ने कहा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के तत्वावधान में उच्च न्यायालय झारखंड रांची के द्वारा एलपीए केस नंबर 272/2018 मैं आदेश संख्या 11 मैं दिनांक 12 जनवरी 2023 को पारित न्यायादेश के आलोक में आरक्षी के समतुल्य समान काम के बदले सम्मान भत्ता देने के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्र निबंधित डाक से प्रेषित किया गया है। जिसकी प्रति मुख्य सचिव झारखंड सरकार प्रधान गृह सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार रांची, अपरपुलिस महानिदेशक सह महा समादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय डोरंडा रांची व उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर को इसकी प्रति समर्पित की गई है। दिए गए आवेदन में मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए समान काम का समान वेतन लागू करने के लिए अपील की गयी थी, ताकि झारखंड में भी पड़ोसी राज्य बिहार के तज पर सुविधा लागू हो सके। मौके पर लखन किस्कू, चंडी सिंह सरदार, बुद्धू माझी, काला चांद हेंब्रम, विश्वनाथ गिरी, पूर्व जिला सचिव कमल कुमार शर्मा,दुलारचंद सीट, भगवान साह, राजू ओझा, दिनेश कुमार यादव शामिल रहे।

# झामुमो ने पुलवामा के वीर शहीद जवानों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व सोनारी कागलनगर स्टेट बैंक चौक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों की याद में एक मिनट का मोन रखा गया। मौके पर गोपाल महतो ने कहा आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला में देश के 40 वीर जवान शहीद हुए थे। झामुमो के द्वारा देश के वैसे वीर पुरुषो को श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा में झामुमो नेता लालटू महतो, अंकित सिंह, राजेश महतो, इंदरपाल सिंह, कृपाल सिंह, परमजीत सिंह, रोकी सिंह, गौतम धीवर, रोहित लोहरा, परक्षित कर्मकार, चित्तो महतो, सुमन तरफदार, पिंटू रजक, अजय कर्मकार, ननकु धीवर, कैलाश महतो, आकाश महतो, संतोष, शिवा, अमित, करन, कोकिल, सोनू के अलावा सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का वितरण

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले मे फाईलेरिया उन्मूलन के लिए बीते 15 दिनों तक चलने वाले ₹मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन₹ कार्यक्रम पोटका प्रखंड अंतर्गत सभी गाँवों में चलाया जा रहा है। मंगलवार को जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो ने बताया इस कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया तथा कृमि से बचाव के लिए उम्र के हिसाब से डीइसी तथा एल्बेंडाजोल की दवा खिलाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य-कर्मी तथा आंगनबाड़ी सेविका तथा सहायिका घर-घर जा कर दोनों बिमारियों से बचाव के लिए दवा खिलायेंगे। इसे सेवन करना अति आवश्यक है। ये दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों मे भी निःशुल्क उपलब्ध है। पोटका जिला परिषद सदस्य सूरज मंड़ल ने भी दोनों दवा का सेवन किया। उन्होंने फाईलेरिया तथा कृमि बिमारी से बचने के लिए दोनों दवाओं का सेवन करने के लिए आम लोगो को प्रेरित किया।

# विधायक ने अधूरे मंदिर का निजी खर्च से कराने का लिया निर्णय, भूमि पूजन संपन्न

## हेमंत सरकार के कार्य से संतुष्ट होकर दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन, विधायक ने माला पहना कर किया पार्टी में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में हेमंत सरकार के विकास कार्य से जनता काफी संतुष्ट है। मंगलवार को विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर निजी खर्च से बोड़ाम प्रखंड के बड़ा सुसनी गांव में बजरंबली सेवा समिति का अधूरा मंदिर पूरा करने का अनुमति मिलते ही ग्रामीणों ने झामुमो का जमकर सराहना की। मौके पर विधायक के निर्देश पर मंदिर पुननिर्माण के लिए पुजारी जयनंद मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी के कुशल नेतृत्व व कार्य से प्रभावित होकर मंदिर कमेटी से जुड़े दर्जनों पुरुष व महिलाओं ने बासंती कुंभकार व अमित राज कुंभकार के नेतृत्व में झामुमो में सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओ को मौके पर विधायक ने माला पहनाकर झामुमो में शामिल किया। विधायक ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों को आने वाले दिनों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के द्वारा सभी ग्रामीणों को शपथ दिलायी गयी। इस दौरान विधायक ने कहा झारखंड अलग राज्य बनने के बाद बीते 22 सालों में लगभग 17 सालों तक बाहरी लोगों ने राज्य में शासन किया। जिसके समर्थन में आजसू पार्टी का अहम भूमिका रही। इन 17 सालों में उन्होंने ने झारखंड के खनिज संपदा को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा राज्य में हेमंत सोरेन के तीन साल में झारखंड की विकास तेजी हो रही है। हेमंत सरकार बनते ही सर्वजन पेंशन लागू किया गया। अब स्थिति ऐसी है राज्य में पेंशन योजना का लाभ लेने वाला कोई योग्य लाभुक नही मिल रहा है। उन्होंने कहा बोड़ाम के आमझोर व जमशेदपुर के गाधड़ा में शिव मंदिर और बड़ा सुसनी में बजरंगबली मंदिर का निर्माण निजी खर्च से करवाया जा रहा है। मौके पर विधायक ने झामुमो में शामिल होने वाले ग्रामीणों से कहा हेमंत सरकार में मान-सम्मान में कमी होने नही दिया जायेगा। इस अवसर पर अमित राज कुंभकार, नंदलाल गोप, रामु कुंभकार, बेबी महतो, बासंती कुंभकार, दामोदर कुंभकार, बलराम कुंभकार, मधुसूदन गोप, राजेन महतो, धनंजय प्रमाणिक शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# एआइएमआइएम पार्टी की बैठक में दूधवल पंचायत कमेटी का गठन



**सैकड़ों लोग जेएमएम, बीजेपी और राजद को छोड़कर एआइएमआइएम पार्टी में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दूधवल पंचायत की छोटी मस्जिद के सामने में एआईएमआईएम पार्टी की जिला इकाई गढ़वा पंचायत स्तर पर मीटिंग रंका प्रखंड के दुधवल पंचायत में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष जिला सचिव महफूज अंसारी ने माला पहनाकर टीम का स्वागत अपनी पंचायत की ओर से किया। बैठक की शुरुआत डॉ. एम.एन सिदीकी ने बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के व्यक्तित्व की चर्चा की। इसके बाद जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक ने कहा कि झारखंड में 55 विधानसभा सीट ऐसी है जहां मुस्लिम समुदाय और अनुसूचित जाति के मिल जाने से सभी 55 सीटों पर फाइट कर सकती है। खास तौर पर गढ़वा-रंका विधानसभा में हम दोनों समुदाय के मिल जाने से एआईएमआईएम के कैंडिडेट डॉ. एमएन खान को विधानसभा में आसानी से भेज सकते हैं। बैठक में पंचायत कमेटी सदस्यों को मनोनित किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष गुलाम सरवर अंसारी, उपाध्यक्ष वसीम अंसारी, पंचायत सचिव मोहम्मद इस्तेयाक अंसारी, महामंत्री हसनैन अंसारी, कोषाध्यक्ष वारिस अंसारी, युवा अध्यक्ष मोहम्मद जुनैद आलम, उप युवा अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल अंसारी, युवा सचिव मोहम्मद मेराज अंसारी, यूवा मीडिया प्रभारी मोहम्मद एहतेशाम अंसारी शामिल हैं।

मौके पर सैकड़ों लोगों ने जेएमम, बीजेपी और राजद छोड़ कर एआईएमआईएम पार्टी में सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता डॉक्टर एमएन सिदीकी, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, प्रखंड युवा अध्यक्ष इबरान अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष जहांगीर अंसारी, प्रखंड सचिव कामेश कुमार रवि, संगठन मंत्री मोबिन अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, युवा नेता डॉ. आफताब अंसारी, युवा नेता हैसियत रजा, युवा नेता मुजाहिद अंसारी, मोहम्मद नजीबुद्दीन के साथ पंचायत दूधवल के सदस्य डॉ. अख्तर अंसारी, रमजान अंसारी, एहसान अंसारी, रौशन अंसारी, डॉ. जिबरइल अंसारी, नवाज शरीफ अंसारी, तौफीक अंसारी, जमीरुद्दीन अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, रजीउल्लाह अंसारी, वारिस अली, महताब अंसारी, तुफैल अंसारी, मजीद अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, शाकिर अंसारी, अकबर अंसारी, इस्तेयक अंसारी, मकबूल अंसारी उपस्थित थे।

## गढ़वा जिला झामुमो महिला मोर्चा गठन को लेकर सात सदस्यीय संयोजक मंडली में रेखा चौबे बनीं मुख्य संयोजक



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला झामुमो महिला मोर्चा के पूर्ण गठन हेतु सात सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया है। जिसमें रेखा चौबे को मुख्य संयोजक के रूप में पार्टी की ओर से चुना गया है। वहीं किरण देवी को श्री बंशीधर नगर का संयोजक बनाया गया है। झामुमो के गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने अपने जिला कार्यालय से चिट्ठी जारी कर सभी चयनित सदस्यों को सूचना दी है तथा उन्होंने चयनित सदस्यों को कहा कि आपलोग अपने संगठनात्मक कर्मठता का पूर्ण उपयोग करते हुए निर्लोभ भाव से काम करेंगे तथा जो दायित्व पार्टी की ओर से आपको दी गई है उसका निर्वहन करेंगे। वहीं श्री बंशीधर नगर संयोजक किरण देवी ने आभार व्यक्त करते हुए बताया की जो निर्देश पार्टी की ओर से दिया गया है। उसपर निस्वार्थ भाव से खरा उतरने का प्रयास करूंगी और हमें निर्देशित किया गया है कि तीन माह के अंदर सभी प्रखंडों में महिला मोर्चा का गठन कर सूची जिला में उपलब्ध करा दें ताकि महिला मोर्चा जिला कमेटी का गठन किया जा सके।

## कार पेड़ से टकराई, तीन माह का बच्चा सहित छह घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-रंका मुख्य मार्ग पर अन्नराज डैम के पास हुई कार दुर्घटना में कार पर सवार तीन माह का बच्चा सहित छह लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना में घायल बिहार राज्य के भागलपुर निवासी दीनबंधु प्रसाद (68), कल्पना गुप्ता (62), रोहतास जिला के पटफुलिया गांव निवासी निरंजन कश्यप (35), अमृता कश्यप (32), मोहित कश्यप (20), एवं निरंजन कश्यप का पुत्र निकुंज कश्यप तीन माह के नाम शामिल हैं।

**कार्यक्रम : भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

# देश के लिए शहीद होने वाले जवान सदा याद किये जायेंगे : जवाहर पासवान

**शहीदों की शहादत को देश सदैव याद रखेगा : अजय तिवारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला कार्यालय गढ़वा में जिला संयोजक अजय तिवारी की अध्यक्षता में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम के दौरान शहीदों को नमन करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने सेना के काफिले पर हमला कर दिया था, जिसमें हमारे देश के अनेकों जवान शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले जवान सदा याद किये जायेंगे। जिस तरह से पाकिस्तान ने धोखे से जवानों पर हमला किया था वे अपनी कायरता को दर्शा चुके हैं। लेकिन आतंकवादी का संरक्षक पाकिस्तान आज अपनी ही मौत मर रहा है, वहां लोग दाने दाने के लिए तरस रहे हैं। भारत वीरों की भूमि है यहां पर वीर सैनिकों ने देश को बचाने के लिए भारत मां के चरणों में अपना शीश तक चढ़ाया है। सैनिकों की शहादत को सदैव याद किया जाएगा।

भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय तिवारी ने कहा कि सैनिक देश की शान हैं। वे जब सरहद पर दिन-रात जागकर देश की रक्षा करते हैं तो देश के अंदर सबलोग चैन से सोते हैं। शहीदों की शहादत को देश सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि सैनिकों की शहादत पर पूरा देश रोया था। देश में रिटायर सैनिक लाखों की संख्या में पड़े हुए हैं। सरकार ने अगर आदेश दिया तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि पाकिस्तान ने देश पर हमेशा धोखे से हमला किया है। पुलवामा हमला भी धोखे से किया गया था। जिससे हमारे जाबाज सैनिक शहीद हो गए थे। लेकिन दूसरी ओर देश के जवानों ने पाकिस्तान पर सर्जीकल स्ट्राईक कर आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। भारत विश्व की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति वाला देश बन चुका है। पूरा विश्व भारत के सामने घुटने टेक चुका है, लेकिन सैनिकों की शहादत को देश सदैव याद रखेगा।

मौके पर भाजपा नेत्री वीणा पाठक, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, विकास तिवारी, संजीत तिवारी, अभिमन्यु चौबे, विनय दुबे, डॉ लाल मोहन, कंचन कुमार, रामप्रताप यादव, राम उनय तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन

**हम सभी भारतीय परम्पराओं और संस्कारों का निर्वहन करें : एमपी केसरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में आज 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि हम भारतीय हैं। भारत हमारा देश है और यह देश परंपराओं का देश है। संस्कार और सभ्यता का देश है। नैतिकता प्रधान देश है, जहां हम पेड़-पौधों, पत्थरों, पाषाणों की पूजन करते हैं। अतः इस देश की परंपरा को अक्षुण बनाये रखना हमारा नैतिक दायित्व ही नहीं, वरन् कर्त्तव्य भी है। आज हमारे देश में चहुंओर मातृ-पितृ पूजन दिवस पूरे श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जो माता-पिता हमें जन्म दिये, इस जीवनदायिनी पृथ्वी पर लाये, पालन-पोषण किया और हमेशा अपनी ममता की छांव में रखा, आज उन्हीं के सम्मान का दिवस है। यह दिवस माता-पिता को सम्मान, प्यार और उनकी देखभाल के लिए समर्पित है, जिसक वे हकदार हैं। आज इस दिवस की प्रासंगिकता भी है जो सामाजिक जागृति लाने के लिए आवश्यक है। बच्चों के अंदर सहिष्णुता, आदर और समर्पण का भाव भरने की जरूरत है। जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं। बच्चों का भी यह नैतिक कर्तव्य है कि उन्हें आदर, सम्मान और प्यार प्रत्येक दिन देते रहें। यह दिन उनके लिए सादर समर्पित रहे, इसके लिए आज करें एक जगह ऊंचे आसन पर बैठाकर उनकी 'आरती करें, चरणस्पर्श के पश्चात चरण वंदन, कुमकुम से तिलक करें। उनके कार्यों को करके उन्हें आराम देने की काशिश करें और उनके जीवन में कोई 'कष्ट न आये' ऐसा संकल्प हो और प्रेम पूर्वक, 'साथ निभायें', उनकी पसंद का भोजन बनायें व उनके साथ खायें और खिलायें। कोई मन पसंद उपहार देकर स्वयं को कृतार्थ करें और पुण्य का भागीदार बनें। श्रवण कुमार, रामचंद्रजी जैसा अनेकों उदाहरण हमारे धर्मग्रंथो में उलेखित हैं। जिसका अनुसरण कर हम अपने जीवन को धन्य कर सकते हैं और ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, नरेन्द्र सिन्हा, मुकेश भारती संजीव कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दूबे, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

# जनता दरबार में पदाधिकारियों ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला कल्याण पदाधिकारी, निलेश कुमार मुर्मू एवं विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संजीव कुमार सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज के जनता दरबार में राशन कार्ड, जमीन विवाद, पेंशन, आवास, पेयजल, अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। आवेदकों ने राशन कार्ड निर्माण एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने, राशन वितरण, पेयजल, आवास, भूमि विवाद आदि से संबंधित भी शिकायत के आवेदन समर्पित किये। सभी के मामले की जांच करने एवं निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## जेईई मेंस में आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा धारा सोनी हुई सफल, निदेशक ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग कालेजों में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ मेन) में गढ़वा शहर की धारा सोनी ने भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा धारा सोनी, जो सीबीएसई मैट्रिक (दसवीं) 2020 की परीक्षा में 93.4% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल में चौथा स्थान लाकर स्कूल व अपने माता-पिता के साथ-साथ गढ़वा जिला को भी गौरवान्वित की थी, आज फिर उसने अपने लगन और परिश्रम से जेईई मेंस 2023 में 96.7957679 अंक लाकर अपनी सफलता का परचम लहराकर एकबार फिर से सभी को गौरवान्वित किया। गढ़वा शहर के मेन रोड निवासी प्रवीण सोनी (लक्ष्मण अलंकार) व मनी देवी की पुत्री धारा सोनी की शिक्षा नर्सरी से दसवीं तक आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा गढ़वा से हुई। वह शुरू से ही स्कूल की मेधावी छात्रा रही। उसकी इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

## उप स्वास्थ्य केंद्र की भूमि मापी की गयी



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर में सीओ मुकेश मछुआ की उपस्थिति में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की भूमि चिन्हित कर मापी की गयी। संवेदक कृपा शंकर जायसवाल ने बताया कि मापी की गई भूमि पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा बहुत जल्द उप स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी जाएगी। तत्पश्चात केंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया मूंगा साह, प्रकाश कुमार, सीआई नागेंद्र पाठक, अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम, ग्रामीण नंदू भैया, राम परिखा सिंह, नंदू बियार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**केज मत्स्य पालकों के लिए सूचना**

राँची जिला के विभिन्न जलाशयों में विभागीय योजनाओं के अंतर्गत अधिष्ठापित केजों के मत्स्य पालकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वर्ष 2022–23 अंतर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 – 10 रा0 (वि0) दिनांक 21.06.2022 के द्वारा राँची जिला को केज रिपेयरिंग हेतु 25 इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। इस योजना के अंतर्गत केज रिपेयरिंग की अनुमानित लागत 35,000/ –रू0 (पैंतीस हजार) के विरूद्ध 25,000/– रू0 (पच्चीस हजार) के सरकारी सहायता का प्रावधान है। शेष राशि केज लाभुकों/धारक समितियों के द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

उक्त के आलोक में ऐसे केज मत्स्य पालकों/धारक समितियों, जिनके केज में रिपेयरिंग की आवश्यकता है एवं जो रिपेयरिंग कार्य में अपना अंशदान वहन करने में सक्षम हैं, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन जमा करने का स्थान :–जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 25.02.2023 तक (कार्यालय अवधि में)।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 290287 (Fish)22-23*D

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक.........................खूँटी, **बन्दोबस्ती सूचना** दिनांक...................

वर्ष 2023–24 के लिए खूँटी बस पढ़ाव, डेली मार्केट खूँटी, पार्किंग एवं सप्ताहिक हाट का बन्दोवस्ती दिनांक 25.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से थाना परिसर, खूँटी में होगी। इच्छुक डाक वक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 24.02.2023 समय 5.00 बजे अपराहन तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। सैरात की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खूँटी बस पड़ाव | 63,37,500/- | 6,33,750/- |
| 2 | डेली मार्केट | 17,65,000/- | 1,76,500/- |
| 3 | पार्किंग बाजार टांड, खूँटी (साईकिल, दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) | 6,62,000/- | 66,200/- |
| 4 | सप्ताहिक बाजार/हाट | 19,25,000/- | 1,92,500/- |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी

PR 290250 Urban Development(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**

(SCA योजना के अन्तर्गत)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20/वर्ष 2022–23

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................................/

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग,झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 15.02.2023 से 24.02.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.02.2023 अपराह्न 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.02.2023 अपराह्न 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम उगरा के स्वास्थ्य उपकेन्द्र में शौचालय निर्माण कार्य। | सेन्हा | 834000.00 | 1250.00 | 16700.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 290237 Lohardaga(22-23).D

**कार्यक्रम : एमके इंटरनेशनल स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया**

# स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मौजूद लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है : एसडीओ**






आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विद्यालय का प्रथम वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर शानदार तरीके से स्वागत किया। एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। वहीं एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहनी चाहिए।

एमके इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से ही विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। बच्चों की पढ़ाई में हम अपना 100% देने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में सीखने के लिए मोबाइल की बहुत जरूरत है लेकिन इसका दुष्प्रभाव भी है इसलिए छात्र-छात्राएं मोबाइल का प्रयोग सीखने के उद्देश्य से करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, हास परिहास सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों और उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद करते हुए बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। मौके पर विद्यालय के संस्थापक मुनेश्वर सिंह गुरुजी, भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, गढ़वा क्रिकेट क्लब सेक्रेटरी राघवेंद्र नारायण सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी विजय कुमार सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी गोकुल चंद्र जायसवाल, प्रोफेसर डॉ बीडी सिंह, डॉ रघुनाथ सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष सोनू सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर मनीष सिंह, प्रिंसिपल डॉक्टर इन रॉय रोस, अब्दुल मोत्ताल्लिब, गुड्डू जयसवाल, शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, रोहित कुमार दुबे, खुशबू प्रजापति प्रीति कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/93/2022-23 दिनांक– 14/02/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | होटवार, रॉची स्थित फॉरेन्सिक लैब के प्रथम तल्ला, द्वितीय तल्ला एवं तृतीय तल्ला स्थित वातानुकूलित संयंत्र एवं कोड रूम के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 11,64,191=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | एक वर्ष |
| II | विद्युत कार्य प्रशाखा, डोरण्डा रॉची अन्तर्गत माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के कोर्ट रूम, माननीय न्यायाधीश के कार्यालय कक्ष एवं विभिन्न आवासीय कार्यालय में अवस्थित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 36,78,495=00 | 5,000=00 | 74,000=00 | एक वर्ष |
| III | डोरण्डा, रॉची स्थित नेपाल हाउस, राजा–रानी कोठी एवं विभिन्न महत्वपूर्ण भवनों में अवस्थित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 14,25,769=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | एक वर्ष |
| IV | विद्युत कार्य प्रशाखा, राजभवन, रॉची अन्तर्गत विभिन्न भवनों, भूतपूर्व मुख्य मंत्री आवास, मुख्य न्यायाधीश आवास, पी0आर0डी0 सूचना भवन मंत्री आवास, मुख्य सचिव आवास एवं अन्य भवनों में अवस्थित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 15,36,301=00 | 5,000=00 | 31,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.02.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.02.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.02.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 290294 (Energy) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## टुसू मेले का समापन

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की में आयोजित दो दिवसीय बिराट माघ टुसू मेले का मंगलवार को समापन हो गया। तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने मेला का विधिवत उद्घाट्न किया था। उन्होंने मेला प्रेमियो को धन्यवाद देते हुए पचंपरगना की संस्कृति टुसू पर्व को इसी तरह मनाने और क्षेत्रिय संस्कृति को बचाये रखने की अपील की। वहीं, मंगलवार को अंतिम दिन मेला में नर्तकी, झुमर नाच, बुगी बुगी डांस आदि की व्यवस्था की गई थी। मेले का आकर्षक 100 फीट का चौड़ल था। चौड़ल में प्रथम पुरस्कार कुजियाम्बा जय मां क्लब बारुहातु बुंडू को दिया गया, जिसे सात हजार रुपया पुरस्कार राशि दी गई। वहीं, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपया पुरतू के चौड़ल दल को त्रितीय पुरस्कार 3000 रुपया दिया गया। साथ ही अन्य चौड़ल दल को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू, संजय मुंडा, प्रमुख कृष्णा सिह मुंडा, मुखिया शांति देवी, मुखिया शिवचरण मुंडा, मोती पातर, भोलानाथ लाल, कंचन हलदार, जयकिशन मुंडा, हरजित मुंडा, अर्जुन मुंडा, अजिताब कुमार, बेचन राम और कमलेश प्रमाणिक आदि थे।

### तिडू संकुरा पड़हा के परंपरागत जतरा में शामिल हुए केंद्रीय जनजातीय मंत्री

# आदिवासी किसी कीमत पर जल, जंगल व जमीन से नहीं कर सकते समझौता: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रकृति आदिवासियों के जीवन का आधार है। वे जंगलों के साथ जीवन जीते है। प्रकृति हमारी है और हम प्रकृति के हैं। प्रकृति ही आदिवासियों की परंपरा, जीवन पद्यति और संस्कृति है। आदिवासी अपनी इस संस्कृति को छोड़ना नहीं चाहते, इसलिए किसी भी कीमत पर आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन से समझौता नहीं कर सकते हैं। ये बातें केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहीं। वे मंगलवार को मुरहू प्रखंड के कुंजला गांव में आयोजित तिडू संकुरा पड़हा जतरा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन पद्धति विकसित होने के बावजूद आदिवासी हमेशा स्वशासन व्यवस्था के साथ ही रहे। आदिवासियों की परंपरा पर कभी कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ। आदिवासियों को उनका अधिकार देने के काम में लगे अधिकारियों को यह साफ निर्देश दिया गया है कि आदिवासियों की जीवन पद्धति के आधार को मजबूत कर रहे हैं। इस सोच के साथ उनका डॉक्यूमेंटेशन करना है, ताकि वन एवं वन के अंदर रहनेवाले आदिवासी एक दूसरे का पूरक बनके रहें। मंत्री ने कहा कि आधुनिकता की इस दौड़ में जंगलों के साथ होनेवाली छेड़छाड़ के कारण आज पर्यावरण में बदलाव होने लगा है, लेकिन आदिवासी कभी जंगलों से छेड़छाड़ नहीं करते हैं। प्रकृति से संबंध के साथ जीने की परंपरा ही आदिवासी है। यही हमारी संस्कृति है। इससे पूर्व आयोजन स्थल में केंद्रीय मंत्री के पहुंचने पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। बाजे-गाजे और नृत्य दलों के साथ उन्हें मंच तक ले जाया गया। मंच पर तिडू पड़हा राजा जकरियस तिडू की अगुवाई में केंद्रीय मंत्री को आदिवासी पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री के अलावा सभा को तिडू संकुरा पड़हा राजा मंगल सिंह मुंडा, दानियल मुंडा, भीम सिंह मुंडा, लोदरो मुंडा सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन दामू मुंडा ने किया। बतातें चलें कि प्रति वर्ष 14 फरवरी को आयोजित होनेवाले तिडू पड़हा जतरा में तिडू पड़हा अंतर्गत 52 गांवों से जनजातीय समुदाय के महिला-पुरुष एवं बच्चे अपने झंडे और नृत्य दलों के साथ शामिल होते हैं। इस दौरान पड़हा जतरा में पड़हा व्यवस्था पर चर्चा हुई और लोगों से नशापान को त्याग कर शिक्षा को अंगीकार करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर होने की अपील की गई। इस दौरान सामूहिक नाच गान का भी दौर चला। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी नृत्य दलों के साथ ढोल बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।


जतरा में शामिल केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा।

## खूंटी चेंबर भंग, दो अप्रैल को नयी कार्यकारिणी का चुनाव


अवधि समाप्त होने पर इस्तीफा सौंपते वर्तमान चेंबर के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री से मिलकर खूंटी में सत्र 2023–26 के चेंबर चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। खूंटी चेंबर के वर्तमान अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने कमेटी को भंग करते हुए अपना इस्तीफा एफजेसीसीआइ के अध्यक्ष किशोर मंत्री को सौंप दिया। अध्यक्ष के साथ सचिव ज्योति सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार भगत और कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने भी अपना-अपना इस्तीफा सौंप दिया। एफजेसीसीआइ से प्राप्त निर्देशों के आधार पर 11 सदस्यों की कमेटी नए सत्र (2023-2026) के लिए चुनाव संपन्न करायेगी। खूंटी चेंबर का चुनाव दो अप्रैल को होगा। तीन अप्रैल तक सभी 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के नाम और विवरणी एफजेसीसीआइ कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। चुनाव प्रक्रिया में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पंजीकृत सदस्यों द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। चुनाव निवर्तमान अध्यक्ष विनोद जायसवाल व अन्य की देखरेख में संपन्न होगा।

## चूरी के बाकी बचे रैयतों को सीसीएल प्रबंधन जल्द दे नौकरी: इरफान



खलारी (आजाद सिपाही)। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान ने एनके एरिया के महाप्रबंधक को पत्र देकर कहा कि चूरी खदान के लिये 48.24 एकड़ जमीन सीसीएल ने 12 अक्टूबर 1985 को अधिग्रहण किया था। इसके बाद आज तक एनके प्रबंधन द्वारा 37 वर्ष में मात्र पांच नौकरी 2022 में दी गई है। बाकी लोगों की नौकरी प्रक्रिया में प्रबंधन द्वारा झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। रैयतों की नौकरी की मांग को लेकर जीएम कार्यालय के सामने 10 से 15 मार्च 2022 तक धरना दिया गया था। तब प्रबंधन ने जल्द नौकरी देने का आस्वासन देकर धरना समाप्त कराया था। कहा कि बाकी बचे चूरी के रैयतों को जल्द से जल्द नौकरी दी जाए नहीं तो यूनियन फिर आंदोलन को बाध्य होगा।

## डकरा सेंट्रल अस्पताल में चिकित्सीय परामर्श शुल्क 100 रुपये लेना उचित नहीं : कृष्णा

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल के एनके एरिया स्थित डकरा सेंट्रल अस्पताल में गैर सीसीएल लोगों के लिए चिकित्सीय परामर्श शुल्क 100 रुपये कर दिया गया है, जो किसी भी नियम से सही नहीं कहा जा सकता है। यूसुडब्ल्यूयू (एटक) के एनके क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने मंगलवार को इसे अन्याय करार दिया है।

## सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की टीम ने किया डकरा खदान का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की टीम ने मंगलवार को डकरा खदान का निरीक्षण किया। जिसमें शामिल एनके क्षेत्रीय सुरक्षा सलाहकार सदस्य हरेन्द्र राम के साथ अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ मंत्री सह जेसीसी सदस्य मनोज कुमार रजक, एनके क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार, क्षेत्रीय सचिव अमरभूषण सिंह, केडीएच शाखा अध्यक्ष प्रमोद पाठक, शाखा सचिव मिथिलेश कुमार सिंह एवं सुखराम सेठ ने डकरा माइन्स, डकरा वर्कशॉप, कैंटीन आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण टीम को सभी जगहों पर घोर अनियमितता दिखी। बताया गया कि जमीन के अभाव में खादान का हाई वॉल काफी खतरनाक बना हुआ है। हॉल रोड का गेडीएन्ट भी काफी है। मशीन एवं लाईट की स्थिति भी खराब है। वहीं पीट सेफटी की बैठक नहीं होती है और ना ही कोई रिकार्ड रखा गया है। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। टीम के सदस्यों ने बताया कि डकरा वर्कशॉप में चारों ओर तेल मोबील फैला हुआ है। बिना लाइसेंस के ही डम्पर अपरेटरों से 85 टन का हालपेक चलवाया जा रहा है। किसी प्रकार के अनहोनी होती है तो उसका सिर्फ प्रबंधन ही जबावदेह होगा। कैंटीन में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। असंगठित मजदूरों के पास ना ही आईकार्ड है, ना ही पीएमई और ना ही वीटीसी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट। डकरा माइन्स के सभी क्षेत्रों में घोर अनियमितता है।



## वर्ल्ड बैंक की टीम ने किया पिपरवार का दौरा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयला उत्पादन में अपनाई जाने वाली खनन प्रक्रिया, विस्थापित रैयतों के पुनर्वास के साथ खनन के बाद खाली हुई भूमि के उपयोग का निरीक्षण करने के लिए वर्ल्ड बैंक की टीम ने मंगलवार को पिपरवार का दौरा किया। वर्ल्ड बैंक की टीम के साथ सीसीएल मुख्यालय से तकनीकी निदेशक आरबी प्रसाद व अन्य अधिकारी भी पिपरवार पहुंचे थे। जहां महाप्रबंधक सीबी सहाय सहित अन्य अधिकारियों ने आगंतुक टीम का स्वागत किया। वर्ल्ड बैंक की टीम में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के प्रतिनिधि शामिल थे। दौरे पर आई टीम ने क्षेत्र अंतर्गत अशोका खुली खदान का निरीक्षण किया। उसके बाद खनन क्षेत्र में स्थित कायाकल्प वाटिका पहुंची, जहां टीम ने सीसीएल द्वारा विकसित इस वाटिका से प्रभावित होकर इसकी खुब सराहना की। अंत में पुनर्वास गांव के ग्रामीणों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ संगम विहार क्लब में बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना।

## मोहननगर व राय चूना भट्ठा में बनेगी जलमीनार, जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के मोहननगर और राय चुना भट्ठा में सोलर युक्त जलमीनार बनेगी। खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन सहित अन्य सामाजिक लोगों ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शाल्या परवीन ने कहा कि गर्मी के दस्तक देने से पहले ही सोलरयुक्त जलमीनार बनायी जा रही है। ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा।

## बुंडू में नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात की मौत से नाराज परिजनों ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सकों पर चिकित्सा में लापरवारी बरतने का आरोप लगाया। जानकारी के मुताबिक नामकुम प्रखंड के लाली गांव निवासी शंकर मुंडा की पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर 12 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां महिला चिकित्सा की निगरानी में नर्सों ने सोमवार की रात प्रसव कराया था। मां और बच्चे दोनों स्वस्थ थे। शंकर मुंडा का आरोप है कि मंगलवार की सुबह अचानक बच्चे की मौत की सूचना दी गई। इसी से आक्रोशित होकर चिकित्सा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। शंकर ने कहा कि बच्चे के इलाज के लिए पर्याप्त सुविधा और अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने के कारण बच्चे की मौत हुई है। उधर, अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दिलीप पासवान ने कहा कि बच्चे की डिलीवरी नॉर्मल हुई थी।पूरे झारखंड में नर्सों की हड़ताल चल रही है, जिस कारण दो नर्स ही 24 घंटा ड्यूटी कर रही है। रात में परिजनों ने बच्चे की रोने की खबर दी। नर्स ने जांच की तो वह सही था जिसे दूध पिलाने की सलाह दी गई। सुबह अचानक बच्चे की मौत हो गई। कथित रुप से उन्होंने स्वीकार की कि चिकित्सक नहीं होने से सही से जांच नहीं हो पाई।

## तमाड़ के उलीडीह टोला में एक साल से खराब पड़े हैं चापानल, ग्रामीण परेशान



**रडगांव/ तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रडगांव पंचायत के उलीडीह टोला गांव में पिछले एक साल ले तीन चापानल खराब पड़े हैं। जिस कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में करीब 20 परिवार रहते हैं। ग्रामीण नाला (जुरिया) का पानी पीते हैं जो गांव से आधा किलोमीटर दूर है। गांव वालों का कहना है कि जन प्रतिनिधि सिर्फ वोट मांगने के लिए आते है। उन्हें हमारी समस्याओं से कोई सरोकार वहीं। यहां के लोग शिकायत करते-करते थक चुके हैं।

## हल्दीबेड़ा में आयोजित फुटबॉल मैच में गंगाघाट की टीम जीती

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सताकी पंचायत अंतर्गत हल्दीबेड़ा फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले में ट्राइब्रेकर की मदद से गंगाघाट फुटबॉल क्लब ने एमएस ब्रदर्स को एक गोल से हरा करा दिया। आजसू अध्यक्ष रंग बहादुर महतो ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया पांडु मुंडा, पंचायत समिति प्रतिनिधि संजय स्वांसी, दुर्गा उरांव, गोपाल मुंडा, बलराम मुंडा, नवीन महतो, सोनाराम महली, सुरेश महली आदि उपस्थित थे।

### मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन पर ग्रामीण करायेंगे कोयला ढुलाई बंद

# 15 दिनों में नौकरी व मुआवजा देने पर फैसला नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन : शिवनारायण लोहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक मंगलवार को नवाडीह मोना टोला हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के नवाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा और संचालन कुलदीप साहू ने किया। बैठक में मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल के लिए अधिग्रहित जमीन के लिए नौकरी व मुआवजा को लेकर चर्चा की गई। शिवनारायण लोहरा ने कहा कि रेल लाइन में अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी मुआवजा को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा ने पिपरवार प्रबंधन एव अंचल को भी पत्र दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष रैयतों का धरना प्रदर्शन किया गया था जिसके बाद सीसीएल पिपरवार प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों, अंचल प्रशासन की मौजूदगी में वार्ता हुई थी और रैयतों को आश्वासन दिया गया था कि दो माह के अंदर इस मामले पर सकारात्मक पहल होगा, लेकिन 13 माह बीत जाने के बाद भी रैयतों को नौकरी मुआवजा को लेकर कोई पहल होता नहीं दिख रहा है जिससे रैयतों में आक्रोश है। रैयतों की नौकरी मुआवजा को लेकर इस बार कोई पहल नही किया गया तो मोर्चा एवं रैयत भी चुप बैठने वाले नहीं है। 12 दिनों के अंदर कोई पहल नहीं किया गया तो मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन का कोयला ढुलाई बंद कराया जाएगा। इसको लेकर सभी गांव में बैठक भी किया जाएगा। बैठक में कुलदीप प्रसाद, गणेश मुंडा, हेमलाल गंझू, भरत महतो, उमेश प्रसाद, सुकरा गंझू, दुर्गा भोगता, रामविलास लोहरा, एतवा गंझू, राजेश गंझू, बीफा गंझू, संतोष गंझू, मिथुन गंझू, विजय लोहरा, नारायण साहू, विश्वनाथ मुंडा, मंगवा गंझू आदि मौजूद थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### पुलिसकर्मियों को दिया गया दुर्घटना व सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण




खूंटी (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) जयदीप लकड़ा द्वारा सोमवार व मंगलवार को जिले के पुलिस कर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें पीड़ितो को दुर्घटना स्थल पर दिये जानेवाले प्राथमिक उपचार, सड़क सुरक्षा, मोटरवाहन अधिनियम, आइरैड, शमन की शक्ति के तहत अभियोजन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत में कमी लाने के उद्देश से गोल्डन आवर में मिलनेवाली स्वास्थ्य सुविधा, फर्स्ट एड किट का सही उपयोग और प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में संबंधित पदाधिकारी द्वारा अतिरिक्त भूमिका निभाने की जरूरत है। सड़क दुर्घटना के पीड़ित व्यक्ति को स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने अथवा ससमय अस्तपताल पहुंचाने वाला व्यक्ति गुड सेमेरिटन होता है। उन्हें आर्थिक रूप से पुरस्कृत करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा नियमावली अधिसूचित की गई है। इसलिए दुर्घटना के मामले में गुड सेमेरिटन को चिह्नित कर पुरस्कार के लिए अनुशंसा करें। सड़क दुर्घटना के मामलों में अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने की स्थिति में मृतक के परिजन को दो लाख और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि देने का प्रावधान है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग के तहत सड़क दुर्घटना के मामलों में एक लाख रुपये के मुआवजा भुगतान का प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से सड़क दुर्घटना के गोल्डन आवर में दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को दिए जानेवाले वाले प्राथमिक उपचार के विषय में जानकारी दी गई। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक की ओर से मोटरवाहन अधिनियम के तहत की जानेवाली कार्रवाई, संबन्धित धाराओं एवं सड़क सुरक्षा के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान परिवहन मंत्रालय की ओर से विकसित आई रैड पोर्टल के विषय में प्रशिक्षण देकर ससमय डाटा अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया।

### तमाड़ के टुसू मेला में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पुन्डीदीरी में मंगलवार को विराट टूसू मेला आयोजित हुआ। जिसमें डांसरों ने रंगारग कार्यक्रम प्रस्तूत किया। इसका उद्घाटन समाज सेवी हीरालाल दास ने किया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा भी उपस्थित थे। मेले में दूर दराज से गगनचुंबी चौडल के साथ चौडल दलों ने मन मोहक नृत्य प्रस्तूत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही आयोजकों द्वारा चौडल दल लुंगटू को मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ने प्रथम पुरस्कार तीन हजार रुपये, समाज सेवी हीरालाल दास ने ताम्रंाना को द्वितीय पुरस्कार के रूप में दो हजार और पपिरदा चौडल दल को तृतीय पुरस्कार के रूप में 1500 रुपये दिए गए। इसके अलावा उपस्थित सभी चौडल दलों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में मेला संरक्षक अनिल गुप्ता, वीरेन गुप्ता आजाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, शेखर और मनोरंजन गुप्ता, शैलेन गुप्ता, प्रेम गुप्ता, अशीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, अशोक दास, सुधीर दास, निरंजन गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य शुभंम गुप्ता, प्रेम गुप्ता, विक्रम गुप्ता और अभिषेक गुप्ता के अलावे ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### तमाड़ पुलिस ने नष्ट की 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम गांगो एवं बुरूडीह के आसपास के क्षेत्र में तमाड़ पुलिस की ओर से एसएसबी तमाड़ के साथ आभियान चलाकर करीब 15 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातर चलता रहेगा। कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में चोरी छिपे अफीम की खेती की गयी है। जिसके बाद अभियान चलाकर उसे नष्ट कर दिया गया।

### राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधत्व करेंगे खूंटी के सात खिलाड़ी

खूंटी (आजाद सिपाही)। कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन की ओर से 17 से 19 फरवरी तक देहरादून में आयोजित होनेवाली सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए खूंटी के सात खिलाड़ी बुधवार को धनबाद से देहरादून के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेनेवाले चयनित खिलाड़ियों के पुरुष वर्ग में विक्रम सांगा, संतोष गोस्वामी, मुकेश बोदरा, जबकि महिला वर्ग में निराली गुड़िया, सुरभि सिंह, अंजली कुमारी और एलिसा केरकेट्टा शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों का चयन गत माह रामगढ़ में आयोजित सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में किया गया था। सभी खिलाड़ियों ने राज्य कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सह कोच हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, सचिन कुमार, शादाब खान, बालाजी होरो तथा अश्विनी कुमार मिश्रा सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### पिरामल इंटरप्राइजेज के पदाधिकारियों ने बुंडू के तैमारा ग्राम पंचायत का भ्रमण कर ली जानकारी

बुंडू (आजाद सिपाही)। पिरामल इंटरप्राइजेज के पदाधिकारियों के टीम ने मंगलवार को बुंडू प्रखंड के तैमारा ग्राम पंचायत का भ्रमण कर ग्राम पंचायत में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा भी लिया। इस क्षेत्र की विशेष समस्याओं में नशा पान, अशिक्षा, सामाजिक रूढ़िवादिता एवं संसाधनों की कमी जनजाति समाज में देखी गई। भ्रमण के दौरान मुखिया प्रियंका देवी ने अपने पंचायत के कार्य उपलब्धियों एवं योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। अपने पंचायत क्षेत्र के विकास में आम जन के लाभ के लिए किए गए कार्यों को दिखाया। वहीं टीम ने तैमरा पंचायत में नवनिर्मित अस्पताल बनने से ग्रामीणों के लाभ की सराहना की। इस भ्रमण के दौरान पिरामल इन्टरप्राइजेज होलसेल टीम के अर्पित, सुमित अग्रवाल, प्रदीप सावंत, देवाशीष सिन्हा, विशाल कुमार एवं संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### तमाड़ पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ पुलिस ने मंगलवार को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनकी पहचान सुनदरडीह निवासी राजेश महतो और तमाड़ निवासी मिथिलेश सेठ के रूप में हुई है। दोनों 2011 से फरार थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद ने राशन डीलर संघ के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**कांके (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने प्रखंड कार्यालय समीप जन वितरण दुकानदार संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया और सभी पदाधिकारियों से जनता के हित में बेहतर कार्य करने को कहा। बताते चलें कि प्रखंड के जन-वितरण दुकानदारों की बैठक अनील कुमार केशरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड के दर्जनों दुकानदार उपस्थित थे। सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसके तहत पिरुटोला के दुकानदार सबीबुल रहमान को अध्यक्ष, बालू के सुरेश राम को उपाध्यक्ष, खटंगा के सज्जाद अंसारी को सचिव, शांति देवी को उपसचिव और शमीम अहमद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य के तौर पर हसीब अंसारी, मो. आरीफ, मो. हसनैन, शैलेस कुमार सिन्हा, कैलाश केसरी, मो. अख्तर, परवेज आलम, मनोज राम, शांति देवी, हरेकृष्णा महतो, बादल सिंह मुंडा, योगेन्द्र महतो सहित कई लोग शामिल हैं। नवनिर्वाचित संघ के सभी पदाधिकारीयों ने जनता के हित में बेहतर कार्य करेंगे जिससे कांके प्रखंड का नाम रोशन हो।

## इटकी में 'सेवा ही एक लक्ष्य है' संस्था ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**इटकी (आजाद सिपाही)।** सेवा ही एक लक्ष्य है नामक संस्था के तत्वावधान में पुलवामा के शहीदों को देवी मंडप चौक के समीप मंगलवार को श्रद्धांजलि दी गई। काफी संख्या में उपस्थित नवयुवक व छात्रों द्वारा पुलवामा के शहीद के चित्र के ऊपर माल्यार्पण किया गया व शहीदी गीत गाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीदों की याद में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम के अंत में शहीदों की आत्मा की शांति हेतु मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अकाश, अनुपम, राजकुमार, आयुष, नीतीश, नीतीश, संजय, विजय, अनुपम सहित काफी संख्या में छात्र एवं नवयुवक उपस्थित थे।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से पुटादाग गांव में इनवर्टर और बैटरी दी गयी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सुरसू पंचायत का पुटादाग गांव सुदूर जंगल में बसा हुआ एक छोटा सा गांव है। इस गांव में रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा गांव के विकास की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है। गांव में रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से अखंडानन्द शिक्षा एवं संस्कार (समेकित शिक्षा) केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। आज मंगलवार को गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी भवेशानन्द जी महराज, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची ने की। कार्यक्रम में शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र का सफल संचालन के लिए एक इनवर्टर एवं बैटरी मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के हाथों दिया गया, ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए हर समय रोशनी उपलब्ध हो सके। मौके पर रामकृष्ण मिशन के ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य, ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य, चिरंजीवी मंडल, प्रदीप महतो एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## अमर शहीद वीर बुधू भगत की याद में कार्यक्रम आयोजित



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत लेपसर में मगंलवार को उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में अमर शहीद वीर बुधू भगत की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक महफिल अंसारी ने वीर बुधू भगत के जीवन और उनके स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए कार्यों को संक्षेप में छात्रों के बीच रखा। आगामी 17 फरवरी को अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती मनायी जानी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने झारखंडी वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों के भावपूर्ण कार्यक्रम को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे वीर बुधू भगत का जीवन हम लोगों को प्रेरणा दे रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सेवन स्टार एकेडमी का वार्षिकोत्सव मना




**इटकी (आजाद सिपाही)।** कुंदी स्थित सेवन स्टार एकेडमी ऊर्फ मुर्गी फार्म का मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। मौके पर कुंदी खेल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने किया। पूर्व विधायक कुजूर ने कहा कि विद्यार्थियों में किताबी ज्ञान के अलावा बाहरी ज्ञान के साथ अपने दिमाग को खुला रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षाप्रद लघु नाटक, नृत्य व क्विज सहित अन्य कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के इएलएल के विभागाध्यक्ष विनय भारत, बीपीओ पम्मी सिन्हा, भोगन सोरेन, बिंदेश्वर बेक, शांति टोप्पो, अरविंद उरांव, फ्रांसिस्का कुजूर, बबलू, छवि व कोमल सहित अन्य शामिल थे।

## भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखण्ड के भुसूर गांव निवासी सुखदेव महतो पिता नुनू महतो की मृत्यू विगत दिनों सड़क दुर्घटना मे हो गई थी। मृतक का परिवार बेहद गरीब है। ये अपने पीछे 4 पुत्री व एक पुत्र छोड़ गये हैं। सूचना पाकर मंगलवार को भाजपा कार्यसमिति के सदस्य जैलेंद्र कुमार मृतक के घर पहुंचे तथा परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कहा कि जरूरत पड़ी तो आगे भी वे इस पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। मौके पर भाई सलदेव महतो, महाबीर महतो, विक्रम बैठा, राजेश लोहरा, चंदन बड़ाईक मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** एकल विद्यालय बेड़ो प्रखंड ने मातृ-पितृ पूजन समारोह का किया आयोजन

# माता-पिता की सेवा से जीवन सफल होता है : डॉ रमेश गुप्ता

**वक्ताओं ने कहा- वेलेंटाइन डे के स्थान पर आज के दिन देशभर में मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह का आयोजन किया जाना चाहिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** माता-पिता की सेवा से जीवन सफल और सुफल होता है। माता पिता का स्थान ईश्वर के समान होता है। यह बातें एकल अभियान बेड़ो प्रखंड के अध्यक्ष डॉ रमेश गुप्ता ने कहीं। वे एकल विद्यालय बेड़ो प्रखंड के तत्वावधान में मंगलवार को महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर आयोजित एक दिवसीय मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां भारती और मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा सुश्रुषा करनेवाले संतानों को जीवन पथ पर झुकना और गिरना नहीं पड़ता। प्रभु श्रीराम व भगवान श्री गणेश जी की माता-पिता की सेवा व प्रेम की कथा आज भी प्रेरणा दायक है। समारोह में स्कूली बच्चों ने अपने माता-पिता का माल्यार्पण और आरती उतारकर पूजा अर्चना की। साथ ही जीवन पथ पर स्वर्णिम सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी अशोक पंडा ने कराया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि वेलेंटाइन डे के स्थान पर आज के दिन देशभर में मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे हमारी भारतीय संस्कृति की गरिमा, महिमा और महत्ता अक्षुण्ण बनी रहे। समारोह में समाज सेवियों में मुकेश कुमार राय रंजीत खत्री, वर्तमान सिंह, फौजदार पाण्डेय, विजय कुमार व अंकित सोनी आदि ने अपने विचार रखे। वहीं समारोह को सफल बनाने में मीना कुमारी, सुमन कुमारी, सरिता देवी, लक्ष्मण महली, कुश गुप्ता, गीता देवी, रूपरानी, मुनी लकड़ा, तारामुनि, कुमुद व बुधमनी उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह का संचालन मीना कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन सुमन कुमारी ने किया।

## मध्यस्थता से सुलझा रातू राजघराने से संबंधित ऐतिहासिक संपत्ति विवाद

**उक्त वाद को एक ही बैठक में अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव ने सुलझा लिया एवं दोनों पक्ष राजी खुशी मध्यस्थता केंद्र से विदा हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** मध्यस्थता केन्द्र रांची में मंगलवार को बंटवारा वाद संख्या 225/2023 जो कि माननीय न्यायालय कमलेश बेहरा सिविल जज, सिनियर डिवीजन-13 के न्यायालय में लंबित था। उक्त वाद को अधिवक्ता मध्यस्थ सुश्री ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता संजय कुमार सिंह एवं लाल स्वतंत्र शाहदेव की सूझबूझ से सुलझा लिया गया। उक्त वाद रातू राज परिवार की वादी श्रीमती प्रियदर्शिनी शाहदेव के द्वारा दायर किया गया था। प्रतिवादीगण श्रीमती माधुरी मंजरी देवी, श्रीमती कल्पना सिंह, कुमार अभिरीत देव सिंह, माधवेन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र सिंह एवं श्रीमती प्रियंका सिंह आदि पर किया गया था। ज्ञात हो कि वादी द्वारा यह बंटवारा मुकदमा वाद पत्र में उल्लेखित रातू महाराज के चल व अचल संपत्ति में आधा हिस्सा के बंटवारा हेतु दायर किया गया था। वाद के लंबित रहने के दौरान मूल प्रतिवादी संख्या-1 महाराजा चिन्तामणी शरणनाथ शाहदेव का निधन हो गया है। उनके सभी जीवित वंशजगण एवं उतराधिकारी उपरोक्त वाद में पूर्व से ही पक्षकार हैं। इसलिए उनका नाम वाद पत्र से विलोपित कर दिया गया एवं मूल प्रतिवादी सं. 03 तृप्ती मंजरी देवी की भी मृत्यु हो गयी है। वे अपने पीछे अपना नाबालिग पुत्र अभिरीत देव सिंह (प्रतिस्थापित प्रतिवादी सं. 4/ए) द्वारा न्यायालय द्वारा नियुक्त संरक्षक मनोज कुमार राय द्वारा प्रतिनिधित्व किया जा रहा है। मूल प्रतिवादी सं 04 गायत्री देवी का भी निधन हो चुका है। वे अपने पीछे अपने पति माधवेन्द्र सिंह (प्रतिस्थापित प्रतिवादी सं 05/ए) एक पुत्र कौशलेन्द्र सिंह (प्रतिस्थापित प्रतिवादी सं 05/बी) एवं एक पुत्री प्रियंका सिंह (प्रतिस्थापित प्रतिवादी सं 05/सी) को छोड़कर गुजर गयी हैं। इस तरह उक्त वाद को एक ही बैठक में अधिवक्ता मध्यस्थ सुश्री ममता श्रीवास्तव के द्वारा सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी खुशी मध्यस्थता केन्द्र से विदा हुये। डालसा सचिव ने दोनों पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में सब लोग मिलजुलकर रहें।

## भोले बाबा का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 से

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के फतेहपुर में पिछले दिनों असामाजिक तत्वों के द्वारा शिवलिंग को खंडित कर दिया गया था। जिसे फतेहपुर के ग्रामीणों के द्वारा फिर से स्थापित किया जा रहा है। जिसका तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 20 से 22 फरवरी तक होगा। जिसमें पहले दिन कलशयात्रा, मंडप प्रवेश एवं पचांग पूजन, दूसरे दिन सर्ववेदी पूजन, कर्मकुटी, जलाधिवास, अन्नाधीवास व तीसरे दिन 22 फरवरी को महाभिषेक प्राण प्रतिष्ठा के साथ कीर्तन की पूणार्हुति व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। 21 फरवरी से 24 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन व भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य पुजारी तारकेश्वर मिश्र, अनिरुद्ध दास, हरिश्चंद्र दास के अलावे अन्य विप्र वृन्द पूजा पाठ करायेंगे।

## मेकॉन की टीम बनी महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांके।** मेकॉन रांची की टीम ने महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को रिंग रोड स्थित महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गये फाइनल में उसने झारखण्ड ज्योति क्लब चुट्टू की टीम को 5-0 से हरा दिया। अतिथियों और आयोजकों ने विजेता टीम को 2.5 लाख रुपये नकद, बड़ा शील्ड दिया। वहीं उपविजेता टीम को 2 लाख रुपए नकद, छोटा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द सीरीज मेकॉन टीम के शंकर उरांव को दिया गया। उन्हें चुट्टू अंजुमन कमेटी की ओर से टीवीएस बाइक दी गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मेकॉन के रोहित तिग्गा को मिला। उन्हें भूतपूर्व सैनिक मंगराज मिंज और आजसू नेता मटरू लोहरा की ओर से 32 इंच का एलइडी टीवी देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख कांके प्रखण्ड अंजय बैठा, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी चंदन बैठा, जिप सदस्य संजय महतो, मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा ने किया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रमुख सोमनाथ मुंडा और कमेटी के संरक्षक हेयात अंसारी, नसीमुद्दीन अंसारी, पन्नालाल महतो, मंगराज मिंज, मटरू लोहरा, अध्यक्ष संजय मुंडा, उपाध्यक्ष श्याम उरांव, मुर्शिद अंसारी, सोनू तिर्की, सचिव अजय एक्का, संजय उरांव, कोषाध्यक्ष प्रेमकिशोर महतो, रंजन लकड़ा, प्रवक्ता विनय मुंडा, नरेश कोड़ियार, पंकज कच्छप, संजीत मुंडा व सदस्यों का अहम योगदान रहा।

**कार्यक्रम :** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

# देश के प्रति समर्पित वीर जवानों का सम्मान करना चाहिए : दीपाली पराशर

**जवानों के शहादत को भूलाया नहीं जा सकता, जिन्होंनें देश की सेवा में अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**माण्डर।** मांडर स्थित भारथी ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशन में मंगलवार को पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संस्थान की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि हमें देश के प्रति समर्पित वीर जवानों का सम्मान करना चाहिए एवं जो जवान हमारे देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनके परिवार के प्रति आगे आकर उनकी सच्ची सेवा करनी चाहिए। बी.एड. के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि जवानों के शहादत को भूलाया नहीं जा सकता। जिन्होंनें तन-मन-धन देकर इस देश की सेवा में अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी कि जो जवान हमारे लिए, हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनके परिवार का ख्याल रखें। डी एल एड के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि भले ही इस घटना को चार साल बीत चुका है लेकिन उसके जख्म आज भी हरे हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों ने नम शहीद जवानों को श्रदांजलि अर्पित की।

मौके पर नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, रोहिनी, गौरी, संकेत, साकीब ईमाम, राखी कुमारी, अंजेला गाड़ी, दूर्बा बनर्जी, ज्योति डूंगडूंग, सबिता गोराईन, नूर नेहार, अनिता कुमारी, सोनी किस्पोटा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## ग्राम प्रधानों ने मांगा भू-राजस्व विभाग झारखंड सरकार से अधिकार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची जिला के ग्राम प्रधानों ने अपनी संगठन को मजबूत बनाने के लिये भू-राजस्व विभाग झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा अपनी सकारात्मक पहल करने की मांग की है। ग्राम प्रधानों ने पेशा कानून को पूर्णतः लागू करने, जिला स्तरीय अधिकारी से ग्राम प्रधानों का परिचय पत्र निर्गत करने, ग्राम प्रधानों को उपायुक्त द्वारा ग्राम सभा को पूर्व की भांति 26 फरवरी को मार्ग दर्शन आदेश देने, सभी ग्राम प्रधानों का जीवन बीमा लागू करने, रांची जिला के सभी ग्राम प्रधानों को सुरक्षा के लिये सभी थाना प्रभारी को निर्देश देने, जमीन हस्तांतरण में ग्राम प्रधानों की सत्यापित कर सुनिश्चित करने, ग्राम प्रधानों को सम्मानित राशि में वृद्धि करने एवं झारखंड उच्च न्यायालय का डबल बेंच का फैसला के आधार पर अतिशीघ्र ग्राम प्रधानों को रैयतों से रशीद काटने का आदेश देने की मांग की है।

## आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम में पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम में मंगलवार को स्कूल के छात्रों ने पुलवामा हमले में शहीद हुये वीर सैनिकों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह नरेंद्र मोदी विचार मंच के सह संयोजक मनोज कुमार सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये बच्चों को देश के प्रति अपने फर्ज को समझाते हुये बताया कि देश के वीर सैनिक अपनी जान की परवाह न करते हुये सरहदों पर सिर्फ इसलिए जागते हैं ताकि हम लोग आराम की नींद सो सकें। कार्यक्रम अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस मौके पर परिषद के ब्रज किशोर सिंह, अरुण झा, ललन ठाकुर, तेज नारायण शर्मा, रघुनाथ झा, गणेश शर्मा, बासुकी नाथ दुबे, भगवान सिंह, मंगल सिंह, प्रभाष झा, पवन सिंह, अनिल सिंह आदि उपस्थित थे।

## पिरामल इंटरप्राइजेज के सदस्यों ने रामपुर पंचायत का किया भ्रमण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को पिरामल इंटरप्राइजेज के सदस्यों ने रामपुर पंचायत का भ्रमण किया। पंचायत की मुखिया सरस्वती देवी ने आदिवासी रिती रिवाज से सदस्यों का भव्य स्वागत किया। भ्रमण के दौरान टीम ने ग्राम पंचायत में चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी ली और क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक, स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। मुखिया ने अपने पंचायत के कार्य उपलब्धियों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान पिरामल इंटरप्राइजेज होलसेल टीम के अर्पित, सुमित अग्रवाल, प्रदीप सावंत, देवाशीष सिन्हा, विशाल कुमार, संगीता कुमारी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट बांटा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय का अंगीभूत ईकाइ ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं मां कलावती इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर के बीएससी नर्सिंग सत्र 17-21 के सभी छात्र-छात्राओं का जेएनआरसी द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट वाईबीएन परिसर में निर्गत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रो-चांसलर सह चेयरमैन रामजी यादव ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को जेएनआरसी द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बाटें एवं छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पिठोरिया अंबेडकर चौक से अतिक्रमण हटाया गया

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिठोरिया अंबेडकर चौक के किनारे जो भी अतिक्रमण किया गया है, उसको लेकर डिप्टी कमिश्नर के द्वारा अंचलाधिकारी के नेतृत्व में पिठोरिया थाना के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। डिप्टी कमिश्नर के आदेशानुसार सड़कों के किनारे जो भी अतिक्रमण किये हुए हैं उन्हें हटाया गया। इस संदर्भ में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पूर्व ही अतिक्रमित दुकानों को हटाने का आग्रह किया गया था। अतिक्रमण हटाने के दौरान पिठोरिया थाना के पुलिस पदाधिकारी और अंचल अधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल सवार से की गयी लूटपाट

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टांगर बरहे सड़क पर आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के समीप सोमवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल सवार बरहे निवासी आयुष कुमार सिंह से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। आयुष कुमार ने बताया कि शाम को बिजुपाड़ा से घर आ रहे थे। तभी पहले से घात लगाये दो बदमाशों ने उनकी चलती गाड़ी को जोर से लात मारा। जिससे मोटरसाइकिल सवार आयुष गिर गया। बदमाशों ने उनके पॉकिट से 3800 रुपये लूट लिये। साथ ही मारपीट कर-के घायल भी कर दिया। बताते चलें कि इस सड़क पर पूर्व में भी लूट की कई घटनाएं घट चुकी हैं। सूचना के बाद चान्हो पुलिस ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही घायल आयुष को उपचार के लिए भेजा।

## कलशयात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ शुरू



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में मंगलवार को कलशयात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में 651 महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। कलश वितरण मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम, सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक, रामकुमार दुबे आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि यज्ञ होने से लोगों में धर्म के प्रति लगाव बढ़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यज्ञ से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। कलशयात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ में बतौर यजमान कलेश्वर महतो सपत्नीक सभी अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं। कलशयात्रा को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत गिरि, सचिव विजय महतो, उमेश साहू, सुभाष पुरी, मोहन महतो, उमेश महतो, रामसुंदर महतो, बबलु साहू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# पलामू में अपराधियों ने थर्ड रेल लाइन के टनल निर्माण स्थल पर बोलेरो फूंकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पूर्व मध्य रेलवे के सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड पर मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के समीप भीम चूल्हा टनल निर्माण स्थल पर सोमवार देर रात उग्रवादियों ने उत्पात मचाया है। एक गाड़ी को आग लगा दी। बताया गया कि सोमवार देर रात उग्रवादियों ने निर्माण स्थल पर कर्मियों के साथ अभद्रता की और फायरिंग की। साथ ही उन लोगों ने निर्माण स्थल पर खड़ी बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी, जिससे बोलेरो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। उग्रवादियों ने वहां खड़ीं अन्य गाड़ियों को भी आग लगा दी लेकिन कर्मियों ने तत्काल बुझा दिया। माना जा रहा कि यह



करतूत टीएसपीसी दस्ते की हो सकती है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन की। उन्होंने इस घटना में नक्सलियों के हाथ होने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन घटना स्थल से टीएसपीसी के नाम से एक पर्चा भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी कंपनी प्रबंधन पर दहशत पैदा कर लेवी वसूल करने की नियत से यह कार्रवाई की गई है। पूर्व में भी कई बार निर्माण कंपनी के कर्मियों को निशाना बनाया गया है। भीम चूल्हा टनल का काम सुनसान जगह और पहाड़ के नीचे हो रहा है।

# दो डालों के बीच फंसे वृद्ध की मौत, आग से झुलसी महिला रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढकचा पंचायत अंतर्गत पड़रिया में एक अजीबो गरीब घटना से बुजुर्ग की मौत हो गई।बताया जाता है कि 65 वर्षीय रघुनाथ भुइंया सोमवार को पलाश के डाली काटने के लिए पेंड़ पर चढ़े और दो डालियों के बीच फसने से मौत हो गई। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बलराम भुइंया के सहयोग से शव को देर शाम उतारा गया और मंगलवार को पड़रिया स्थित सोहर मोहर नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया। मृतक के दो पुत्र हैं और मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।उधर गांव के ही साधु भुइंया के 60 वर्षीय पत्नी कलावती देवी मंगलवार की सुबह अलाव जलाकर हांथ सेकने के दौरान साड़ी में आग पकड़ ली और चेहरे को छोड़ कर पूरा शरीर झुलस गया। जिसे 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया गया और मेदिनीनगर इलाज के लिए भेजा गया।महिंला की स्थिति नाजुक बनी हुई है फिलहाल इलाज चल रहा है।

# सांसद ने पलाम-गढ़वा से पलायन का मामला संसद में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्य काल के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा के साथ-साथ झारखंड में पलायनवाद के अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि आप इस बात से भलीभांति अवगत हैं कि अभी भी झारखंड विकास के दृष्टिकोण से बहुत ही पिछड़ा हुआ राज्य है। पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यह दोनों जिले उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है इन जिलों की सीमाएं एक




ओर बिहार से और दूसरी ओर छत्तीसगढ़ से भी जुड़ती है। यहां सबसे बड़ी समस्या पलायन की है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी वहां पर कोई भी फैक्ट्री नहीं लगी, ना ही कोई उद्योग-धंधा ही लगा। इस समस्या का मूल कारण वहां पर जमीन की अनुपलब्धता है जिसके कारण वहां पर कोई फैक्ट्री नहीं लग रही है। वहां पर इस तरह से जमीन उपलब्ध करायी जा सकती है कि आज जो इंडियन फॉरेस्ट एक्ट है जिसके अंतर्गत जंगल-झाड़ को वहां के फॉरेस्ट एक्ट के प्रावधानों के तहत दिखा दिया गया है जिसकी वजह से वहां कोई फैक्ट्री एस्टेब्लिश नहीं हो रही है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त फॉरेस्ट एक्ट के प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता है, ताकि जमीन उपलब्ध हो सके और फैक्टरी एस्टेब्लिश हो सके और वहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके ताकि झारखंड राज्य के उत्थान के साथ ही पलामू संसदीय क्षेत्र का भी आर्थिक विकास हो सके।

# मध्याह्न भोजन का चावल बेचते हुए वीडियो हुआ वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) ।** पलामू जिले के सरकारी स्कूल में एमडीएम का चावल बेचने का एक वीडीओ तेजी से वायरल हो रहा है। वीडीओ पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय कवल कब बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में यह स्पष्ट दिख रहा है कि विद्यालय से 4 बोरा चावल दो व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग बाइक पर बाहर ले जाया जा रहा है। इस दौरान पंचायत के मुखिया अनुज सिंह के द्वारा पूछने पर बाइक सवार व्यक्तियों ने बताया कि स्कूल के शिक्षक सलाम गुरुजी 4 बोरा चावल बेचे हैं। वायरल वीडीओ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक खुद नजर आ रहे हैं। हालांकि मुखिया के शिकायत और वायरल वीडीओ के आधार पर शिक्षा विभाग के सीआरपी संतोष कुमार ने मामले की जांच किया तो उन्होंने पाया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा मध्याह्न भोजन का चार बोरा चावल बेचा गया है। स्कूल के बच्चों और सहयोगी शिक्षक भी वायरल वीडीओ को सच बताया है। इस समय में शिक्षा विभाग की सीआरपी संतोष कुमार ने बताया कि वायरल वीडीओ की जांच रिपोर्ट प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपा गया है। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि सीआरपी द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू को भेज दी गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के निदेर्शानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर पंचायत के मुखिया अनुज सिंह ने बताया कि पूर्व में भी इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव की शिकायतें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से लिखित तौर पर की गई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। चावल बेचने की घटना सत्य होने के बावजूद शिक्षक पर कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्य की बात है।


## जिला खनन कार्यालय, गुमला

–: अति अल्पकालीन वित्तीय निविदा :–

गुमला जिलान्तर्गत 03 बालूघाट (1) बिर्री (2) केराडीह एवं (3) लरंगों के लिये MDO चयन हेतु अति अल्पकालीन वित्तीय निविदा Model Tender Documents Bid Submission portal (https://jharkhandtenders.gov.in) पर दिनांक 14.02.2023 को Upload किया जाना है। जो निःशुल्क है तथा दिनांक 14.02.2023 से 21.02.2023 के 11:00 पूर्वाह्न तक Download/निविदा भरा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि दिनांक 22.02.2023 को 2:00 अपराह्न निर्धारित है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, गुमला में कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ह०/–
13.02.2023
जिला खनन पदाधिकारी,
गुमला

PR 290235 Mines and Geology(22-23).D


# शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के सिद्धनाथ नगर में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले कर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।कलशयात्रा सिद्धनाथ नगर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए देवरी सोननदी पहुँचकर मंत्रोच्चार के साथ जलभरी किया।जलभरी कर श्रद्धालु पुनः सिद्धनाथ नगर पहुचे।इस बीच देवी देवताओं के जयघोष से वातावरण गुंजायमान होता रहा।कलश यात्रा में यज्ञ कमिटी के संरक्षक सह भाजपा के



वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,एनसीपी के वरीय नेता बिनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।यह यज्ञ 14 फरवरी से 19 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ का संपूर्ण कार्यक्रम आचार्य उपेन्द्र पंडित के देख रेख में सम्पन्न होगा। इस यज्ञ के मुख्य यजमान अनुज सिंह,विश्वनाथ सिंह, लोकेश सिंह,पंकज सिंह, ललन सिंह, भोला यादव हैं।मौके पर यज्ञ समिति के संरक्षक सह भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी यज्ञ अथवा धार्मिक अनुष्ठान से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।मानव को नेक काम करने की प्रेरणा मिलती है।उन्होंने बताया कि प्रवचन कार्यक्रम 15 फरवरी से 18 फरवरी तक संध्या 6 बजे से 9 बजे तक श्रीमद् जागद्गुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज के कर कमलों के द्वारा सम्पन्न होगा।यज्ञ का समापन 19 फरवरी को महाभंडारा के साथ रात्री में भक्ति जागरण के साथ होगा।मौके पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता बिनु कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से पूरे विश्व का कल्याण होता है।मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है।मौके पर छोटू सिंह, मुन्ना कुमार सिंह,अजय गुप्ता,योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,पवन चौधरी, राजेन्द्र पाल,ओम प्रकाश कश्यप, उदय विश्वकर्मा ,चंदन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।


## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा

(अभियंत्रण कोषांग)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 41/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 23.02.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24.02.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.02.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कुडू | तेल उत्पादन केन्द्र हेतु चयनित अव्यवहृत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन कौआखाप के सामान्य मरम्मति एवं रंग रोगन कार्य | 546200.00 | 1250.00 | 11000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 290325 Lohardaga(22-23)D


# संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक : कृष्ण दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में संत शिरोमणि रविदास के जयंती पखवाड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत से पहले संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बसपा के प्रदेश सचिव सह भावी विस प्रत्यासी कृष्णा दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने श्री दुबे को सम्मानित किया। कृष्णा दुबे ने कहा कि संत



शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कर्म को उस वक्त भी प्रधान बताया था। संत शिरोमणि का उपाधि हासिल करने के बाद भी उन्होंने अपना कर्म नहीं छोड़ा था। आज की युवा पीढ़ी को इस बात को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। श्री दुबे ने कहा कि रेहला में संत शिरोमणि रविदास जी का एक भव्य मंदिर बनाया जाना चाहिए। उनके मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बदेश व हीरालाल की म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर वरीय बसपा नेता गोपाल राम, भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला,राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता, मुंशी प्रसाद गुप्ता, राजू राम, नाजमुदिन नूरी, केडी शरद, संगीत शिक्षक सुभाष कौशिक, विवेक शुक्ला, नवल किशोर चौबे, कामेश्वर राम, रामनाथ राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# छिपादोहर पहाड़ी मंदिर परिसर में 18 को लगेगा एक दिवसीय मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** महा शिवरात्री के अवसर पर बिश्रामपुर नगर परिषद के छिपादोहर पहाड़ी मंदिर परिसर में आगामी 18 फरवरी को एक दिवसीय मेला लगेगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्री के अवसर पर पहाड़ी मंदिर परिसर में मेला लगेगा। मेला का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। मेला को भव्य और आकर्षक बनाने हेतु हर संभव



प्रयास किया जा रहा है। मेला के सफल आयोजन की तैयारी जोरों पर है। पूरी कमेटी मेला की सफलता हेतु दिन रात जी जान से लगी हुई है। श्री पांडेय ने लोगों से जायदा से ज्यादा संख्या में आने का आग्रह किया है।


## झारखंड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(सहकारिता प्रभाग)
झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि० (झाम्फकोफेड)
(झारखंड सरकार का उपक्रम)
चतुर्थ तल, पशुपालन–सहकारिता भवन, हटिया, राँची– 834003, झारखंड
E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com Ph No :0651-3510563/7004790869
Web Site: - www.jhamfcofed.com

### e-Auction के तहत लघुवनोपज की बिक्री हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण

झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि. (झाम्फकोफेड) एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संघ है। वर्ष 2022 में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "Mechanism for Marketing of Minor Forest Produce (MFP) through Minimum Support Price (MSP) and Development of Value Chain for MFP" योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आहरित तथा रामराज शीतगृह राँची में भण्डारित 5000 Quintal (Aprox) बीज सहित इमली (Seeded Tamarind- Harvesting Season 2022) एवं 60 Quintal बीज रहित इमली (Deseeded tamarind- Harvesting Season 2022) की बिक्री NCDEX e-Markets Ltd., BSE e-Agriculture Markets Ltd. तथा Railtel Corporation of India Ltd. के क्रमशः Online Platform www.neml.in, www.bsebeam.com, https://jhamfcofed.enivida.com पर e-Auction (e-निविदा) के माध्यम से दिनांक 03.03.2023 को निष्पादित किया जाना है। e-Auction में भाग लेने हेतु इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों, फर्म आदि का निःशुल्क Registration दिनांक 15.02.2023 से दिनांक 01.03.2023 के अपराह्न 5 बजे तक उपरोक्त e-Auction platform पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए www.neml.in, www.bsebeam.com, https://jhamfcofed.enivida.com अथवा झाम्फकोफेड कार्यालय (दूरभाष :– 06513510563/8825331461) से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण e-निविदा रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह0/–
प्रबंध निदेशक
झाम्फकोफेड

PR 290323 Co-opretive(22-23).D


# भगवान का आश्रय लेने वाले को कोई माया परेशान नहीं करती : विष्णु विक्रमजी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** केतात में मनोकामना सिद्ध पीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ स्थल पर श्रीमद भागवत कथा चल रहा है। कथा के सातवे दिन जगतगुरु बासुदेवाचार्य विद्याभाषकर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र जगत गुरु विष्णु विक्रम जी महाराज हरिद्वार पीठाधीश्वर ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई। इसके अलाव उन्होंने कृष्ण व कुंती के बीच हुए संवाद की भी चर्चा की। उन्होंने कहा की जो भी मनुष्य भगवान के चरणों में आश्रय लेता है। उन्हें भगवान की कोई भी माया परेशान नहीं कर सकती है। महाराज जी ने



कहा की श्रीमद भागवत गीता लोगो को इस मायावी दुनिया के सच्चाई से रूबरू कराती है। कथा में दिन प्रति दिन भक्तो की भीड़ बढ़ रही है। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विजयकांत चौबे, सुरेश पांडेय, अरविंद चौबे, रविशंकर चौबे, संजय चौबे, राघवेंद्र चौबे, मनोज चौबे, हर्षवर्धन चौबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त श्री दोड्डे ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द जांच कर निवारण करने हेतु निर्देशित किया।

**सदर एसडीओ को जांच हेतु पाटन जाने के निर्देश**

जनता दरबार में पाटन के सगुना से आये मोख्तार हवारी ने उपायुक्त से गैरमजरूआ एवं परती जमीन पर भू माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने के संबंध में शिकायत किया गया इसपर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को त्वरित रूप से स्थल पर जाकर जांच करते हुए शाम तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

**सतबरवा बीडीओ को भुगतान करने के निर्देश**

इसी तरह धावाडीह के ग्राम नौसंगा से आयी मुनि देवी ने उपायुक्त को बताया कि वो दैनिक मजदूरी पर सतबरवा प्रखंड कार्यालय में साफ-सफाई का कार्य करती आ रही है लेकिन अक्टूबर माह से अबतक प्रखंड कार्यालय की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट सतबरवा बीडीओ को कॉल कर भुगतान करने हेतु निर्देशित किया।

**पाटन सीओ पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी**

इसी तरह पाटन से आये फुलचुन राम ने उपायुक्त को बताया कि कई बार पाटन अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उनका जमीन संबंधी काम नहीं किया जा रहा है इसपर उपायुक्त ने पाटन के अंचलाधिकारी को फोन कर उक्त फरियादी का कार्य करने एवं भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया अन्यथा विभागीय कार्रवाई हेतु तैयार रहने की बात कही। इसी क्रम में हरिहरगंज से आए रिजवान आलम ने हरिहरगंज अंचल के कर्मचारी प्रगति प्रकाश पर म्युटेशन के बदले पैसे मांगे जाने की शिकायत की साथ ही कर्मचारी द्वारा पैसे लिये जाने का साक्ष्य भी उपलब्ध कराया जिसके बाद उपायुक्त ने उक्त कर्मचारी को सस्पेंड करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

### ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्या :– 06/2022-23/RWD /RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 13/2022-23 | राँची पुरूलिया रोड (हेसल रोड बेरवारी) से हेसल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(ल0–0.720 कि0मी0) | | 9773500.00 | सन्तानबे लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ मात्र। | 6 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/ RANCHI/ 14/2022-23 | पंचायत कमड़े ग्राम द्वारिका नगर से मुण्डा मसना तक के विभिन्न गलियों का पथ एवं नाली का निर्माण कार्य। (ल0–1.050 कि0मी0) | | 9710100 | सन्तानबे लाख दस हजार एक सौ मात्र। | 6 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष में, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– 27.02.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :– 0651–2360137
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य के अधीन भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. संवेदक को UCAN Registration की छाया प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
10. संवेदक को GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. समान दर होने पर निविदा निश्पादन लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR.NO.290147 Rural Development(22-23):D

## बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत आश्रितों को दी जाए नौकरी : सांसद पीएन सिंह

बोकारो (आजाद सिपाही)। धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने लोकसभा के बजट शत्र में सेल प्रबंधन की ओर से वेतन समझौता होने के कई माह बाद भी अभी तक सेल के मेहनतकश मजदूरों के 39 माह के बकाया एरियर का भुगतान नहीं किए जाने का मामला सदन में उठाया। सांसद ने कहा कि जिन मजदूरों के बल पर सेल प्रबंधन इस वित्तीय वर्ष के तीन तिमाहियों में औसतन अभी तक 900 करोड़ का शुद्ध लाभ किया है। इसके बाद भी एरियर भुगतान नहीं हुआ। जिसके जल्द भुगतान की सांसद ने मांग की। इसके पहले स्टील स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में भी सांसद ने इस मामले को पुरजोर तरीके से रखा है। सांसद ने करोना काल में सेल के विभिन्न इकाइयों में करोना महामारी के कारण 258 कर्मचारी और अधिकारियों की मौत हुई थी, जिनके आश्रितों को नियोजन दी गई थी। उसी तरह इस्पात मंत्रालय में भी नियम में परिवर्तन कर मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नियोजन दी जाए।

### पुलिस ने रंगामाटी से दबोचा, चोरी का सामान भी बरामद

# शादियों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक युवक गिरफ्तार

**बाकि आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस, जल्द होंगे गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर पुलिस ने शादी समारोह में आभूषण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार ने मंगलवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि जेलगोड़ा गेस्ट हाऊस में विगते 10 दिसंबर को बीसीसीएल कर्मी गोपाल दुसाद के पुत्र चंदन पासवान की शादी के रिसेप्शन पार्टी के दौरान चोरों द्वारा जेवर, नगद, उपहार स्वरूप मिले रुपये से



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार व अन्य।

भरा बैग चोरी कर लिया गया था। थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने अनुसंधान के दौरान रांगामाटी के रहने वाले युवक सूरज को गिरफ्तार किया। जिसके पास से चोरी गए सभी सामान बरामद कर लिए गए हैं। आरोपित सूरज के खिलाफ बलियापुर थाना में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूरज के पास से बरामद समाग्री में तीन मोबाइल फोन, दो जोड़ा कान का टॉप, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी के पायल, एक चांदी की चेन, एक सोने की अंगूठी, एक छूछी, दो जोड़ी बिछिया सहित नगद चार लाख 83 हजार रुपए शामिल है। गिरफ्तार सूरज को जोड़ापोखर कांड संख्या 269/22 के तहत जेल भेज दिया गया है।

## डीएवी सेक्टर 6 में पुलवामा शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय जवानों को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि चार साल पहले आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था, जिसमें चालीस जवान शहीद हुए थे। हम शहीद उन भारतीय सैनिकों की बलिदान को कभी नहीं भूल सकते है। आतंकी हमले में प्राणों की आहूति देनेवाले उन सभी वीर सपूतों के साहस और देश भक्ति हमारे लिए प्रेरणा है। यह राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा।

## डॉ जनार्दन पांडेय की चौथी पुण्यतिथि पर झरिया में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



झरिया (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता व सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी समाजसेवी रमेश पांडेय के दादा स्व डॉ जनार्दन पांडेय की चौथी पुण्यतिथि पर मंगलवार से झरिया कतरास मोड़ कार्यालय के समीप दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके प्रथम दिन पूजा के बाद 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन व रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। बिहार से पहुंचे 11 सदस्यीय कीर्तन मंडली ने हरे रामा हरे कृष्णा बोल से अखंड हरिकीर्तन की शुरूआत की। जिसका बुधवार की सुबह समापन होगा। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार के भोजपुरी कलाकार विष्णु ओझा, छोटू बिहारी, विशाल गगन, दीपिका ओझा, अनन्या प्रकाश, विशाल ओझा और भोला पांडेय द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में वृंदावन पांडेय, नारद पांडेय, अजय पांडेय, अमर पांडेय, गणेश पाण्डेय, मंटू पांडेय, बिट्टू पांडेय, विशाल दूबे, विवेक तिवारी, नागेंद्र सिंह, केडी पांडेय, पिंटू पांडेय, दीशु रवानी, राकेश सोनी, राहूल साव, दिनानाथ दूबे, गोलू मालाकार, मिन्की अग्रवाल, राकेश पांडेय, संजीव गिरी, विजय शर्मा, छोटु रवानी, रोहित रवानी, संतोष कुमार, मिथिलेश आदि जुटे रहे।

## सिक्योरिटी गार्ड के प्रतिनिधिमंडल ने बकाया भुगतान की मांग को लेकर की जदयू प्रदेश महासचिव से मुलाकात



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बकाया भुगतान की मांग को लेकर हिंदुस्तान इंटरनेशनल सिक्योरिटी कंपनी धनबाद के आधा दर्जन सिक्योरिटी गार्ड के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो के नेतृत्व में कतरास श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह से मिला और बकाया मजदूरी भुगतान को लेकर मांग पत्र सौंपा। इस संबंध में सिक्योरिटी गार्ड प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि हिंदुस्तान इंटरनेशनल सिक्योरिटी गार्ड कंपनी धनबाद की ओर से हम लोगों से 99 बिल्डर नावाडीह, कसियाटांड, धनबाद में गार्ड का काम लिया गया। पर हम लोगों का वेतन सितंबर माह से नहीं मिल पा रहा है। कंपनी को बार-बार वेतन भुगतान करने के लिए आग्रह करने पर भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण हमारे समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है। इस पर दीप नारायण सिंह ने सिक्योरिटी गार्ड प्रतिनिधि के सदस्यों को जल्द से जल्द मजदूरी भुगतान करवाने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में धनु साव, मुकेश कुमार, सागर पासवान, कृष्ण चंद्र रवानी, सुरेश कुम्हार, रघु महतो और विकास कुमार आदि शामिल थे।

## बीएसएल में सेक्योर्ड लैंडफिल का उद्घाटन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल में सेक्योर्ड लैंडफिल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी और अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी एवं फायर सर्विसेज) ए झा, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाए) कुंदन कुमार, उप महाप्रबंधक (परियोजनाएं) असगर रजा, सहायक महाप्रबंधक (परियोजनाए) चंद्रशेखर आजाद व दीपक कुमार आदि उपस्थित थे। इस सेक्योर्ड लैंडफिल का उपयोग सीओ एवं सीसी विभाग के एसिड टार स्लज, सल्फर स्लज, टार मक और एस्बेस्टस रोप स्लज के उचित एवं पर्यावरण सम्मत प्रबंधन के लिए किया गया है।

## बरोरा में महिला का सड़ा गला शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह बस्ती के समीप झाड़ीनुमा जंगल से मंगलवार को एक महिला का सड़ा गला शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। महिला की अनुमानित उम्र करीब 25 साल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह मुराईडीह के ग्रामीण नहाने के लिए पोखरीया में पहुंचे थे। वहां भीषण दुर्गंध उठने पर ग्रामीण उस स्थान के समीप पहुंचे। तभी उनकी नजर



एक सड़े हुए शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत बरोरा पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं, खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार ने बताया कि मृतका लाल रंग की साड़ी पहने हुई थी। शव बुरी तरह सड़ चुकी है, जिस कारण पहचान नहीं हो पा रही है। महिला के शरीर से चूड़ी, चांदी की पायल, पैर के अंगुली में बिझीया और हवाई चपल थे। जिसे जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला है कि बरोरा थाना क्षेत्र में किसी महिला के गुमसुदा होने की कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं है। फिलहाल जिले के सभी थानों से संपर्क स्थापित कर महिला की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकता है।

## राज्यपाल रमेश बैस को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस मंगलवार को कुछ समय के लिए पेटरवार स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में ठहते थे। जहां डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा और जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार आदि वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस जवानों की ओर से गार्ड



ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर जिला व अनुमंडल स्तर के कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### महुदा और लोयाबाद में चोरों के निशाने पर बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम

# बीओआइ के एटीएम में पैसा निकासी द्वार पर लगाया ब्लॉकेज, बाल-बाल बचे ग्राहक

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/लोयाहाद।** धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग पर स्थित महुदा बाजार के बैंक ऑफ इण्डिया (बीओआई) एटीएम में मंगलवार को सनसनीखेज मामला उ ससमय सामने आया जब एक स्कूल मास्टर याकूब अंसारी एटीएम से पैसे निकालने के लिए अपना कार्ड स्वाइप किया। 10 हजार रुपये के निकासी की प्रोसेस की। पर खाते से पैसे कट जाने के बावजूद काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब पैसा बाहर नहीं निकला तो याकूब ने कस्टमर केअर में फोन किया। पर वहां से भी उन्हें कोई विशेष फायदा नहीं हुआ। तब याकूब ने अपने मित्र को बुलाया और उससे जांच करवाई। तभी उसकी नजर एटीएम में जिस जगह से पैसा बाहर निकलता है उस जगह पर बड़ी सफाई से काले रंग की एक तख्ती चिपकाई हुई दिखी। उन्होंने बगल की दुकान से चाकू लाकर उक्त तख्ती को हटाया, तो पैसा बाहर निकल गया। बतातें चलें कि उक्त एटीएम में पूर्व में भी ऐसी





घटना घट चुकी है जिसकी शिकायत भुक्तभोगी ने बैंक के उच्चाधिकारियों से की थी। लेकिन आज तक कोई कर्रवाई नहीं हुई। वहीं, इस बाबत पूछे जाने पर बीओआइ के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार पांडेय ने कहा कि घटना की जानकारी ग्राहक से प्राप्त हुई है। इस मामले पर त्वरित कारवाई करते हुए अपने सिक्योरिटी अधिकारी और जोनल अधिकारी को सूचित कर इसमें जो सिक्योरिटी की व्यवस्था होगी वो करवाएंगे, ताकि दोबारा ऐसी घटना किसी के साथ ना घटे। उन्होंने कहा कि एटीएम मशीन में दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज निकाल कर इस पर छानबीन कर विधि सम्मत करवाई की जाएगी। पूर्व में हुई घटना में भुक्तभोगी का पैसा एटीएम इंसुरेन्स क्लेम कर दे दिया जाएगा। दूसरी ओर, लोयाबाद के बीओआइ एटीएम में भी पैसे निकासी वाली जगह को ब्लॉक कर पैसा उड़ाने की कोशिश का मामला सामने आया है। हालांकि पंकज कुमार नामक युवक की सूझबूझ से उसके पैसे लूटने से बच गये। वह भी पैसा निकालने पहुंचा था, लेकिन निवासी द्वार पर दफ्ती (मोटा कागज का टुकड़ा) लगाकर ब्लॉक कर दिया था। लेकिन उसने सूझबूझ दिखाकर अपने पैसे प्राप्त कर लिए।

**10 सूत्री मांग को लेकर कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपा/ झरिया (आजाद सिपाही)।** नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में मंगलवार को लिलोरी पथरा, नियर गुजराती स्कूल, कुष्ठ कालोनी व नीचे बालू गद्दा के दर्जनों लोगों ने बिजली समस्या सहित 10 सूत्री मांग को लेकर झरिया के विद्युत कार्यपालक अभियंता को मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्यपालक अभियंता से 10 पोल और जर्जर तार के नवीकरण की मांग की। कहा की ग्रामीण कई माह से विद्युत समस्या से परेशान है। इस मौके पर अशोक बर्णवाल, रामजी सिंह, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, मनोहर राजवार, शिव शंभू प्रसाद, अर्जुन विश्वकर्मा, शादिक अमीन, कुंदन मोदक, राजेंद्र साहू, इम्तियाज खान, संजीव सिंह, गीता सिंह, लक्ष्मी देवी, मुकेश यादव आदि थे।


**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची**
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची–834001
E-Mail Id-sercdranchi-jhr@nic.in दूरभाष – 0651-2213738

**आवश्यक सूचना**

वाद संख्या WP(L) 3910/2008 अधीक्षण अभियंता(याँत्रिक), पथ निर्माण विभाग, राँची एवं अन्य बनाम सुबोध कुमार एवं माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के पारित न्यायादेश के आलोक में औधोगिक विवाद अधिनियम की धारा–17B के तहत माह दिसम्बर, 2022 से फरवरी, 2023 तक के अद्यतन भुगतान के क्रम में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थान में अनियोजन (Non Employment) संबंधी शपथ पत्र उपलब्ध कराना वांछित है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1) श्री सूरज कुमार | 2) श्री नारायण राम | 3) श्री संजय कुमार राम |
| 4) श्री राजीव कुमार | 5) श्री रामानुज कुमार | 6) श्री दीपक कुमार |
| 7) श्री प्रमोद कुमार | 8) श्री कुमार राजीव | 9) श्री कुन्दन कुमार |
| 10) श्री अवधेश प्र० सिंह | 11) श्री अनिल कुमार | 12) श्री सुभाषचन्द्र बोस |
| 13) श्री मनोज कुमार | 14) श्री रामविलास सिंह | 15) श्री कृष्णनन्दन राम |
| 16) श्री राजीव कुमार सिन्हा | 17) श्री सागर राम | 18) श्री सुबोध कुमार चौधरी |
| 19) श्री ब्रजेष कुमार सिंह | 20) श्री राजेश कुमार सिन्हा | 21) श्री पंकज कुमार |
| 22) श्री अशोक कुमार | 23) श्री विपिन कुमार | 24) श्री कुमार नीरज |
| 25) श्री मुकुल कुमार | 26) श्री ओम प्रकाश सिंह | 27) श्री मुकेश प्रसाद |
| 28) श्री दिलीप प्रसाद | 29) श्री मुकेश कुमार | 30) श्री राजकिशोर |
| 31) श्री अनिल कुमार | 32) श्री अरूण प्रसाद | 33) श्री सुनिल कुमार सिंह |
| 34) श्री जितेन्द्र कुमार | | |

अतः सूचना प्रकाशित होने के उपरांत यथाशीघ्र वांछित कागजात उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि भुगतान की कार्रवाई शीध्रता से की जा सके ।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल राँची।

PR 290263 (Road) 22-23 (D)



**JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.**
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

EOI No:-JMC-SH-10/WH/15/22/312 Date:-14.02.23

**Expression of Interest**
**For Courier Services within the state of Jharkhand**

The Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Ltd. invites expression of interest from the registered couriers service who have service office in all the district headquarters of the state of Jharkhand at least from the last 5 years.

| | | |
|---|---|---|
| Scope of Work | - | The courier service has to bring sealed drug samples from the District ware house, Civil Surgeon office as and when required and hand over the same in as it is condition to the office of this corporation located at Namkum, Ranchi & for other couriers services and delivery. |
| Operational duration | - | 3 (Three) Working days only will be permissible from the receipt of consignments from the District ware house to hand over the same to JMHIDPCL Namkum, Ranchi-834010 |
| Contract Period | - | Period of Contract will be for one year only and during the period the rate will be fixed and valid. |
| Payments | - | No Payments will be made from the District level and all the payment will be made by JMHIDPCL, Ranchi only on monthly basis. |
| Documents Required | - | The following documents are required along with the application & submission of quotation. 1. Registration certificate 2. G.S.T Registration certificate. 3. Address of District office and Ranchi office. 4. E-mail and contact no of District & Ranchi office. 5. Proof of operation since last 5 years in Jharkhand. |
| Application and Quotation | - | Interested courier service may apply to the Managing Director, JMHIDPCL, RCH Campus, Tata Road Namkum, Ranchi-834010. along with the document required as above. |

**Quotation Format**

| Sl | Name of the District (Location of the receipts of consignments) | Destination Namkum, Ranchi | Rates | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 100 gm to 500gm | 500gm to 1kg | 01.kg to 5kg | 0.5kg to 10kg |

The above rates may be quoted with all taxes, courier charges and local transportation and conveyance for receiving the goods from the District ware house and handing over to JMHIDPCL, Namkum, Ranchi. No extra charges will be payable other then the approved rate.

| | | |
|---|---|---|
| Submission of Bills | - | Bills will be submitted on monthly basis along with the work order of the District ware house duly verified the weight of the consignment. |
| Others | - | All rights will be reserved with the MD JMHIDPCL for suspension/cancellation of EOI/contract at any stage without assigning any reason. |
| Last date of Submission application and quotation | - | 24th Fabruary 2023. |

PR 290291 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(22-23).D

Sd/-
Cell Head
For.JMHIDPCL



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा**
(E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com)

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृशि प्रभाग) झारखण्ड रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 62 दिनांक 01.02.2023 द्वारा लोहरदगा जिला में वित्तीय वर्ष 2022–23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अंतर्गत Sub Mission on Agriculture(SMAM) उपयोजना हेतु अनुदान पर कृशि उपकरण बैठक में (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs /Lampus/Pacs/FPOs/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों/को व्यक्तिगत कृषि यंत्रो पर अधिकतम 50 एवं 60 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है। आवेदन विहित पत्र में दिनांक **20.02.2023** तक जमा किया सकता है।

| क0 | कृषि यंत्र का नाम | TSP भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान(राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 15 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रू0 |
| 2 | कोनोविडर | 22 | 50 प्रतिशत या 1200 रू0 |
| 3 | मिनी राईसमील | 5 | 60 प्रतिशत या 240000 रू0 |
| 4 | मिनी दालमील | 5 | 60 प्रतिशत या 150000 रू0 |
| 5 | मेजसेलर | 5 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 6 | नेपशेक स्प्रेयर | 22 | 50 प्रतिशत या 750 रू0 |
| 7 | सोलर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 18 | 50 प्रतिशत या 1800 रू0 |
| 8 | पावर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 22 | 50 प्रतिशत या 3100 रू0 |
| 9 | प्लास्टिक मलचिंग लेयरिंग मशीन | 5 | 50 प्रतिशत या 75000 रू0 |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 11 | जीरो टील मल्टीकोप ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 12 | रोटावेर (5 फीट तक) | 10 | 50 प्रतिशत या 35000 रू0 |
| 13 | मल्टीकोप थ्रेशर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 14 | पैडीथ्रेशर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 15 | पावरवीडर | 10 | 50 प्रतिशत या 25000 रू0 |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 27 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 17 | एमबी प्लाव | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 18 | डिस्क प्लाव | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 19 | कल्टीवेटर | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 20 | केज व्हील | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 21 | फरो ओपनर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 22 | रीजर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 23 | पोर्टटो प्लांटर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 24 | पोर्टटो डीगर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |

**लाभुक का चयनः–**

- इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट नाइवलीडुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्य का होना आवश्यक है।
- वैसे महिला स्व्यं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृशक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए अद्योहस्तसक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय पता :–**
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, वीर वुधू भगत भवन, दूसरा तल्ला। समाहरणालय परिसर, लोहरदगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR290261 (Lohardaga)22-23*D

# पुरी में लहराया विशाल तिरंगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने पुरी शहर के बटागांव चौक में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एफएफओआइ) द्वारा स्थापित 108 फीट ऊंचे स्मारक ध्वज स्तंभ पर 36 फीट गुणा 24 फीट का विशाल तिरंगा फहराया। एफएफओआइ के अध्यक्ष नवीन जिंदल, उपाध्यक्ष शालू जिंदल, स्कूल और गण शिक्षा मंत्री समीर रंजन दाश, ईएंडआईटी और खेल और युवा सेवाएं के मंत्री तुषार कांति बेहेरा, विधायक श्री जयंत कुमार सडंगी और जिले के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया और इसके अध्यक्ष नवीन जिंदल को भूरि-भूरि प्रशंसा की। नवीन जिंदल को भारतीयों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए देश भर में स्मारक ध्वज स्थापित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की भूमि पुरी में राष्ट्रीय ध्वज को स्थापित करना, तिरंगा के प्रतीक विश्व भाईचारे और शांति का प्रतीक है।

एफएफओआइ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि तिरंगा सभी भारतीयों का गौरव है। यह राजनीतिक, सामाजिक या धार्मिक संबद्धता से ऊपर है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया सभी भारतीयों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करने में गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करने का लगातार प्रयास कर रहा है। मुझे आशा है कि यह स्मारकीय ध्वज भगवान जगन्नाथ के निवास पुरी के सुंदर क्षितिज में रंग भरेगा। हर दिन, हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पुरी आते हैं और यह स्मारक ध्वज उनके आकर्षण का एक और स्थान होगा।

श्री जिंदल ने पुरी के शहीदों जयी राजगुरु, चाखी खुंटिया और स्वतंत्रता सैनानी पंचसखा और अन्य लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार देने के लिए उनके दशक भर के संघर्ष के बारे में बात की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पुरी जिला प्रशासन के सहयोग से स्मारक फ्लैगपोल स्थापित किया गया है। पुलिस बैंड से लैस जिला पुलिस की टीम ने 36 गुणा 24 फीट के स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को 108 फीट के खंभे के शिखर तक फहराया।

नवीन जिंदल ने 2004 में एक दशक की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद पूरे वर्ष सभी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करने का कानूनी अधिकार जीता।

नवीन जिंदल और शालू जिंदल के नेतृत्व में एफएफओआइ ने 2009 में भारत में स्मारकीय झंडे की अवधारणा पेश की थी, तब से एफएफओआइ ने देश भर में 100 से अधिक स्मारकीय झंडे लगाये हैं। ओडिशा में एफएफओआइ ने पहले ही अंगुल, भुवनेश्वर और बनेई में तीन स्मारकीय झंडे लगाया गया था।

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आइएएस को दिया गुरुमंत्र, कहा

# लोगों की समस्याओं को समझें और उनका जल्द समाधान करें



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जिलापाल सम्मेलन में कहा कि लोगों की समस्याओं को समझें और उनका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय आइएएस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने प्रशासन से जनोन्मुख होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकासात्मक परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को मिलना चाहिए। लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।

5टी और मो सरकार अभियान से प्रशासन में पारदर्शिता आयी है। जिलाधिकारी व जिला प्रशासन को लोगों के बीच पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं को समझें और तत्काल समाधान करें। ओड़िशा ऐसा है, जो खाद्य उत्पादन में बलका राज्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और संबंधित क्षेत्रों में नियुक्ति के अधिक अवसर सृष्टि हुए हैं। इसके लिए मशीनीकृत कृषि, विविध फसल खेती, बागवानी और फूलों की खेती, पशुपालन और मछली पालन पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्य सरकार के मिलेट मिशन के पोषण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में स्टार्टअप की अहम भूमिका है। महिला सशक्तिकरण को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कोरापुट प्रशासन द्वारा मिशन शक्ति औद्योगिक पार्क की स्थापना की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जायेगा।

लोक सेवा भवन में आइएएस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और सभी जिलों के जिलाधिकारी जुटे हुए हैं। यह सम्मेलन तीन साल बाद आयोजित किया गया है। यहां पर 17 मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। पहला सत्र सुशासन पर है। दूसरे दिन की चर्चा बुधवार को कोणार्क इको रिट्रीट में होगी। सरकार की योजनाएं और दृष्टिकोण जमीनी स्तर तक किस हद तक पहुंच रहे हैं, इस पर चर्चा हो रही है। कालिया, ममता, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना जैसी विभिन्न योजनाओं पर मंथन होगा। डोर टू स्टेप डिलीवरी पर जोर दिया गया है। मुख्य सरकारी सचिव ने कहा कि 5टी के कारण ओडिशा कई क्षेत्रों में रोल मॉडल बन गया है।

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

## राजनीति में पारदर्शिता नहीं, बंद दरवाजों के पीछे है ओड़िशा सरकार

# मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंच रही लोगों की आवाज : विजय पटनायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व मुख्य सचिव विजय पटनायक को सोमवार को एयरपोर्ट पर प्रांतीय छात्र कांग्रेस के भारी समर्थन के साथ कांग्रेस भवन की ओर एक विशाल मोटर साइकिल शोभा यात्रा से लाया गया था। कांग्रेस भवन में पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक के साथ अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कर्मकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

पूर्व मुख्य सचिव विजय पटनायक कांग्रेस में शामिल होने के बाद ओड़िशा लौट आये। एक प्रशासक के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले विजय ने 40 साल की प्रशासनिक सेवा के बाद पहली बार राजनीति में प्रवेश किया। लंबे समय तक सत्ता पक्ष के साथ काम करने वाले विजय विपक्षी दल में शामिल होने के बाद राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गये हैं। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य में गणतंत्र या अमलातत्र का शासन चल रहा है? विजय ने इस सवाल का जवाब दिया और कहा कि जहां संविधान के चौथे स्तंभ की अनुमति नहीं है, वहां आप आज की राजनीति को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। सब कुछ तीसरी मंजिल द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है और वहां तक आम लोगों का पहुंचना बहुत मुश्किल होता है। आज वे उन नेताओं तक नहीं पहुंच सकते जिन्हें जनता ने चुना है। मैंने अपनी आंखों से उनकी सभी कठिनाइयों और समस्याओं को देखा है और अब मैं इस पर काम करूंगा कि उनकी समस्याओं को कैसे हल किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस समय मैं काम कर रहा था, उस समय का मुख्यमंत्री और अब के मुख्यमंत्री में कई परिवर्तन हैं। वर्तमान शासन के अनुसार आम लोगों की समस्या कम नहीं हो रही है, बढ़ रही है और इन सब पर रोक लगाना नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जब मैं प्रशासनिक सेवा में था, तो मैंने लोगों की समस्याओं को देखा। उस समय मेरे पास उनकी समस्याओं को समझने का कोई तरीका नहीं था। लोग अपने बच्चों के लिए नौकरी पाने की उम्मीद में मेरे पास आते हैं। प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है, बच्चों को रोजगार नहीं मिल रहा है। जब मैंने इस समस्या को अधिक बढ़ता देखा तो मेरे लिए चुप रहना संभव नहीं था। मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सका। इसलिए मैं राजनीति में शामिल हो गया। इस कार्यक्रम में राज्य कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत दास धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर पूर्वतन पीसीसी अध्यक्ष निरंजन पटनायक, जयदेव जेना, प्रसाद हरिचंदन, संतोष सिंह सालूजा, पचानन कानूनगो के साथ कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।


study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAISTE DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

# हायर ने लॉन्च किया किनौची 5 स्टार हैवी-ड्यूटी प्रो एसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** हायर ने मंगलवार भारत में अपने किनोची 5 स्टार हैवी-ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की। किनोची एसी सीरीज इंटेली स्मार्ट फीचर्स एवं हायर स्मार्ट ऐप के साथ साथ सुपरकूलिंग फीचर तथा कंफर्ट कंट्रोल के साथ दमदार परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट सतीश एनएस ने कहा कि हायर में, हम इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज से संचालित प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं जो कि हमारे उपभोक्ताओं के जीवन को सरल एवं अत्याधिक सुविधाजनक बनाते हैं। भारत विषम परिस्थितियों के मौसम को अनुभव करता है खासकर गर्मियों का मौसम। इसलिए इन्ही सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने किनोची 5 स्टार हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज की नयी रेंज लॉन्च की है, जो कि अत्यधिक तापमान में ऑप्टिमम कूलिंग को सुनिश्चित करता है।

हायर अप्लायंसेज इंडिया के डायरेक्टर एयर कंडीशनर बिजनेस शफी मेहता ने कहा, हायर में हमारा फोकस ऐसे प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने पर है जो ग्राहकों की जरूरतों से प्रेरित हों। किनोची 5 स्टार हैवी-ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीज उन ग्राहकों के लिए एकदम सही एसी है जो कि स्मार्ट अप्लायंसेज की तलाश में हैं जो न केवल कम्फर्ट प्रदान करते हैं, बल्कि लागत के अनुकूल भी हैं। इसके अलावा इंटेली स्मार्ट फीचर्स से युक्त सुपरकूलिंग फीचर एवं कम्फर्ट कंट्रोल तथा किनौची एसी सीरीज का हायर स्मार्ट ऐप इसका अगला अपग्रेड है जिसकी तलाश ग्राहक कर रहे हैं।

**10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग** : यह नये एयर कंडीशनर सुपरसोनिक फीचर के साथ आते हैं, जो कि कमरे को 20 गुना तेजी से ठंडा करते हैं। इसके अलावा यह सीरीज 60 डिग्री सेल्सियस तक के अत्यधिक तापमान पर भी ऑप्टिमम कूलिंग प्रदान करता है।

**कीमत और उपलब्धता** : हायर किनौची हैवी ड्यूटी प्रो 5-स्टार एयर कंडीशनर, सम्पूर्ण भारत में 47,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। इसके अलावा यह हायर ईकॉमर्स स्टोर, फ्लिपकार्ट तथा अमेजन और अन्य रिटेल आउटलेट्स पर भी उपलब्ध है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

BLUE BANSI
BLUE BANSI RESTAURANT
PURE VEG
INDIAN
JAIN FOOD
SOUTH INDIAN & CHINESE
NASTA ALSO available
BESIDE OVERBRIDGE, MAIN ROAD
FOR BOOKING CONTACT : 9608168613

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M
डी.फार्मेसी D.Pharmacy
बी.एड. B.Ed.
बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing
डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

# ओड़िशा के सभी शहरों में शौचालयों का मुफ्त में उपयोग कर सकते हैं

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य के किसी भी शहर में आपको शौचालय जाने के लिए पैसे नहीं देने होंगे। लोग इन शौचालयों का निःशुल्क उपयोग करेंगे। आवास एवं शहरी विकास विभाग की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। शहरी विकास विभाग द्वारा नगर निगमों, एनएसी के सभी महानगर आयुक्तों एवं कार्यपालक अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे लोगों में जागरूकता पैदा करें और इसे सख्ती से लागू करें। राज्य के सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों में स्पष्ट रूप से दिखायी देने वाला डिस्प्ले बोर्ड या भित्ति चित्र होगा, जिसके सामने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को एक तस्वीर के साथ 'मुफ्त शौचालय उपयोग' लिखने का निर्देश दिया गया है। शौचालय प्रबंधन एवं डिस्प्ले बोर्ड का पैसा स्वच्छ भारत मिशन (सहराचल) कोष से दिया जायेगा। शहरी विकास विभाग ने ट्वीट कर कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में शौचालयों के इस्तेमाल के लिए कोई शुल्क नहीं है। यदि कोई शौचालय का उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता शुल्क का दावा कर रहा है, तो उसे शहरी विकास विभाग के मो शहर सरकार' हेल्पलाइन नंबर -0674 2391395 पर शिकायत करने का सुझाव दिया गया है।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**